हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष जल बोर्ड के प्रश्न पर सदन को घेरा, हंगामा

सदन में दूसरी बार हंगामा तब हुआ जब एक घंटे के प्रश्नकाल के दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी द्वारा जलबोर्ड को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब देने भारसाधक सदस्य संतोष साहू आगे आए। नेता प्रतिपक्ष का प्रश्न रहा कि क्या नगर निगम को जल बोर्ड के गठन का अधिकार है, जल बोर्ड ने शहर के किन-किन वार्डों में पेयजल की समस्या दूर की, इसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर महापौर मीनल चौबे ने जवाब देने के लिए समय मांगा। पर निगम ⏭ शेष पेज 16 पर

# विपक्ष ने सुर मिलाया- वादा तेरा वादा... सदन में तख्ती, सभापति ने जताई नाराजगी, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा हंगामेदार रही। प्रश्नकाल शुरू होने से पहले कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर मीनल चौबे को सालभर पहले शहर की जनता से किए गए वादे की याद दिलाते हुए वालीवुड का गाना एक स्वर में गाया- वादा तेरा वादा..। हाथों में विपक्षी पार्षद वादों के ⏭ शेष पेज 16 पर


- महापौर को एक साल पुराने वादों की दिलाई याद, तख्ती लेकर प्रदर्शन
- सभापति और एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा के बीच तीखी तकरार




### सदन में मौजूद विधायक पुरंदर ने ली चुटकी

सदन में हुए हंगामा और नारेबाजी के दौरान मौजूद रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने सदन में चुटकी लेते हुए कहा कि आज निगम के सदन में ये देखकर आनंद आ गया। विधानसभा में इसी तरह का हंगामा होता रहता है, वहां हमारी संख्या ज्यादा है। राज्य सरकार से निगम के लिए जो भी मांगोगे, वह मिलेगा। आप लोग नगर निगम के 70 पार्षद हैं, मैं यहां 71 वें पार्षद के रूप में हूं।


### निगम बजट में बड़ी घोषणाएं इस तरह




रायपुर शहर में शुरू होगा खारुन महोत्सव



नालंदा परिसर की तर्ज पर युवाओं के लिए बनेगी लाइब्रेरी और यूथ हॉस्टल



शंकर नगर और डूमरतराई में बनेगा इलेक्ट्रानिक मार्केट, इसके निर्माण के लिए जल्द जारी होगा **100** करोड़ का म्यूनिसिपल बांड




बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए 140 लाख की लागत से 268 सीसीटीवी कैमरे

5 करोड़ की लागत से महिला शांति गृह की स्थापना



फुंडहर के पास बनाया जाएगा गौधाम



शहीद स्मारक परिसर में वरिष्ठ नागरिको के लिए लगाई जाएगी लिफ्ट

रायपुर के सांस्कृतिक एवं पर्यावरण पहचान के लिए प्रतिवर्ष होगा कानून महोत्सव का आयोजन

## महापौर मीनल ने 2130 करोड़ का निगम बजट पेश किया

# 5 करोड़ में बनेगा महिला शांति गृह, पंडरी, नरैया में वूमन हॉस्टल, रोबोटिक तकनीक से सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 2131 करोड़ का बजट पेश किया। यह बजट रायपुर के नागरिकों को सीधे तौर पर शुद्ध पेयजल, स्मार्ट यातायात प्रबंधन, मध्य वर्ग की महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के साथ युवाओं के लिए आधुनिक लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। पंडरी और नरैया तालाब के समीप कामकाजी महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाने नगर निगम के बजट में प्रावधान किया गया है।

रायपुर नगर निगम के वित्त वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट महापौर मीनल चौबे ने सामान्य सभा की बैठक में प्रस्तुत किया। 2136 करोड़ 35 लाख 13 हजार का बजट महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल का दूसरा निगम बजट है जो कि 1 करोड़ 39 लाख 89 हजार रुपए के फायदे का रखा गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम का बजट 1529.53 करोड़ का था। निगम बजट में महापौर मीनल चौबे ने महिला सशक्तिकरण पर खास फोकस करते हुए 5 करोड़ की लागत से महिला शांति गृह के स्थापना की घोषणा की है। रायपुर नगर निगम में यह पहली बार होगा जब मध्य वर्ग की महिलाओं को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक ⏭ शेष पेज 16 पर

### रायपुर नगर निगम बजट 2026-27

| कुल आय का अनुमान | कुल व्यय | अनुमानित बचत |
| --- | --- | --- |
| 1924.9 करोड़ | 2130.35 करोड़ | 1.39 करोड़ |

**बजट में बुनियादी सुविधाओं पर खर्च**

| | |
| --- | --- |
| जल कार्य विभाग के लिए | 104.88 करोड़ |
| स्वास्थ्य सफाई और सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए | 76.97 करोड़ |
| बिजली और यांत्रिकी विभाग के लिए | 89.99 करोड़ |



- सड़क चौड़ीकरण और नगर विकास की योजनाओं के लिए 120 करोड़ का प्रावधान



### महापौर ने किया बजट पेश

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को दोपहर 1 बजे नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। उन्होंने सदन में सभापति सूर्यकांत राठौर को सबसे पहले बजट वाला सूटकेश देकर इसकी शुरूआत की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बजट वाली सूटकेश दिया गया। इस मौके पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा अतिथि दीर्घा में मौजूद रही।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास

सड़क चौड़ीकरण और नगर विकास की योजनाओं के लिए 120 करोड़ रुपए, आवास योजना के लिए 45 करोड़, सीवेज और जल शुद्धिकरण प्रोजेक्ट के लिए बजट प्रावधान, शहर में नए सार्वजनिक शौचालय और सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे।

**रात्रि 8 बजे तक चली सदन की कार्यवाही**

### बजट बहुमत से पारित स्थगित सामान्य सभा 10 को

*रायपुर। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने सोमवार को रात्रि 8 बजे नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है। स्थगित बैठक 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे फिर शुरू होगी। इस बैठक में निर्धारित 14 एजेंडों पर सदन में चर्चा होगी। नगर निगम की सामान्य सभा में निगम के वित्त वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट का एजेंडा बहुमत के आधार पारित कर दिया गया। नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा की बैठक 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में फिर से शुरू होगी, जिसमें 14 एजेंडों पर चर्चा होगी। इनमें प्रमुख रूप से कोतवाली चौक का नाम जैन स्तंभ करने, लाखे नगर चौक के पास अमर शहीद एएसपी आकाश गिरपुंजे की प्रतिमा स्थापित करने, आयुर्वेदिक कालेज गेट के पास वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा स्थापना, लाखे नगर में पंडित वामनराव लाखे की प्रतिमा लगाने, देवेंद्र नगर से पंडरी कपड़ा मार्केट की ओर जाने वाली सड़क का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद जैन के नाम से करने, मेजर सत्य प्रदीप दत्ता की प्रतिमा स्थापित करने, कन्हैयालाल बाजारी वार्ड के प्रमुख मार्ग का नामकरण महेश पथ करने खालसा स्कूल के सामने विस्थापित किए गए 69 दुकानदारों को क्रिस्टल आर्किड के सामने भूमि में व्यवस्थापन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अलावा जवाहर बाजार व्यवसायिक परिसर की 2 दुकानों के दर स्वीकृति प्रकरण, मॉल प्रदर्शनी के प्रदर्शन शुल्क में वृद्धि संबंधी एजेंडे पर सदन में चर्चा की जाएगी, साथ ही किरण बिल्डिंग परिसर की दुकानों के व्यवस्थान के संबंध में स्वीकृत अभिन्यास में संशोधन संबंधी प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए रखा जाएगा।*

- सभापति ने 10 अप्रैल को प्रात: 11 बजे तक के लिए सभा स्थगित की

## खबर संक्षेप

### सतविंदर सिंह गुरुद्वारा के नए प्रधान



रायपुर। हीरापुर गुरुनानक देव गुरुद्वारा की संगत ने रविवार को सर्वसम्मति से सतविंदर सिंह कंग उर्फ सत्ता भैया को दो साल के लिए नया प्रधान चुना है। सतविंदर सिंह के प्रधान चुने जाने पर पूर्व प्रधान सुरेंद्र पाल सिंह, हैप्पी बाजवा, बलदेव सिंह भुल्लर सहित अन्य ने बधाई दी है। नए प्रधान का चुनाव करने के बाद संगत ने सतविंदर द्वारा सामाजिक चेतना जागृत करने के साथ सामाजिक गतिविधियों के साथ सामाजिक कार्य में और तेजी आने की संभावना व्यक्त की है। नए प्रधान के चुनाव में भारी संख्या में सिख समाज के लोग एकत्रित हुए।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई, 159 सपड़ाए

रायपुर। राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। रविवार को पुलिस ने देवेंद्र नगर, गंज, एक्सप्रेस-वे, नवा रायपुर, वीआईपी रोड सहित कई मार्गों में नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई में 159 वाहन चालक नशे की हालत में गाड़ी ड्राइव करते पकड़े गए। नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों की पुलिस ने गाड़ी जब्त कर कोर्ट में चालान पेश की। वर्ष 2025 में पुलिस ने पूरे एक साल में जहां डेढ़ हजार नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस वर्ष तीन महीने में डेढ़ हजार से ज्यादा नशेड़ी वाहन चालक धरे गए।

**हरिभूमि की खबर पर मुहर**

# छत्तीसगढ़ में नहीं बढ़ी देशी शराब की कीमत

- अंग्रेजी-विदेशी के लिए भी निगोसिएशन पूरा
- करीब 90 ब्रांड के लिए हुआ मोल-भाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लेकर अगले साल 31 मार्च 2027 तक देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ेगी। हरिभूमि ने इस संबंध में पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी थी कि देशी शराब निर्माता कंपनियों के साथ रेट आफर पर चर्चा के दौरान निगोसिएशन हो चुका है। इस मोलभाव के बाद ये तय हो गया है कि राज्य में देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए देशी मदिरा (मसाला एवं प्लेन) की फुटकर विक्रय दरों का निर्धारण कर दिया गया है। मंत्रालय, महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ आबकारी देशी,विदेशी मदिरा के फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के नियम 9 के अंतर्गत ये दरें तय की गई हैं।

### ये दरें रहेंगी सालभर लागू

नई व्यवस्था के तहत मसाला 25 यू.पी. के लिए क्वार्ट, पिन्ट और निप की दरें क्रमशः 400, 200 और 100 रुपये निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार, प्लेन 50 यू.पी. के लिए क्वार्ट की दर 320 रुपये, पिन्ट की 160 रुपये और निप की दर 80 रुपये तय की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ये सभी फुटकर विक्रय दरें 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। शासन ने समस्त कलेक्टरों और आबकारी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे वर्ष 2026-27 के सभी देशी मदिरा लाइसेंसधारियों को इन दरों की सूचना दें। साथ ही, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि 01 अप्रैल 2026 को दुकानों में बचे हुए पुराने स्टॉक पर नवीन विक्रय दर के स्टीकर लगाने के बाद ही उनकी बिक्री की जाए। नियमों के मुताबिक, मदिरा के प्रत्येक प्रकार के लेबल पर फुटकर विक्रय दर अंकित करना अनिवार्य होगा। यह आदेश अवर सचिव केएल कश्यप द्वारा 27 मार्च 2026 को जारी किया गया है।

### अंग्रेजी- विदेशी के लिए भी रेट निगोसिएशन हुआ

आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष के लिए जिस तरह देशी शराब के लिए कंपनियों से निगोसिएशन हुआ है उसी प्रकार अंग्रेजी और विदेशी शराब के लिए भी निगोसिएशन हो चुका है। यह मोलभाव करीब 90 ब्रांड के लिए किया गया है। इस ग्लोबल टेंडर में देश-विदेश की कई कंपनियां शामिल हुईं थी। लेकिन अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि अंग्रेजी-विदेशी शराब की कीमतों में कोई बदलाव हो रहा है या नहीं। बताया गया है कि आबकारी विभाग ने निगोसिएशन के बाद फाईल सरकार( विभागीय मंत्री) के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजी है।

# शराब घोटाले में इस्तेमाल मदिरा ट्रांसपोर्ट करने वाली 16 गाड़ियों को ईओडब्लू ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ईओडब्लू द्वारा विवेचनाधीन शराब घोटाला प्रकरण में बिलासपुर, कोटा स्थित वेलकम डिस्टलरी तथा भाटिया वाइंस डिस्टलरी के मुंगेली, सरगांव से कुल 16 वाहन जब्त किए गए हैं। जांच में प्राप्त डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्यों से यह स्थापित हुआ है कि इन वाहनों का उपयोग अवैध शराब (पार्ट-बी) के परिवहन में किया जाता ⏭ शेष पेज 16 पर

- जांच एजेंसी ने वेलकम डिस्टलरी तथा भाटिया वाइंस डिस्टलरी की गाड़ियां जब्त की



### भरोसेमंद लोगों के नाम से खरीदी गई थी गाड़ियां

जांच में यह भी सामने आया है कि शराब का अवैध परिवहन करने के लिए डिस्टलरी मालिकों द्वारा अपनी कंपनी के कर्मचारियों तथा कुछ भरोसेमंद व्यक्तियों के नाम से शराब परिवहन करने गाड़ी खरीदी गई अथवा उपलब्ध कराई गई थी। इसी आधार पर वेलकम डिस्टलरी तथा भाटिया वाइंस से आठ-आठ गाड़ियां जब्त की गई हैं।

### केडिया की जांच जारी

शराब परिवहन करने केडिया डिस्टलरी ने भी अपनी गाड़ियां लगाई थीं। शराब परिवहन करने केडिया डिस्टलरी ने अपनी खुद की निजी गाड़ियों का उपयोग किया था। उन गाड़ियों के स्वामित्व एवं उपयोग के संबंध में ईओडब्लू पृथक रूप से जांच कर रही है। इस प्रकरण में ब्यूरो ने आगे की विवेचना एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही है।

# राजधानी में पारा 40 डिग्री पार यह प्रदेश में सर्वाधिक गर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मार्च अंत में अंततः राजधानी का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। सोमवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक है। सोमवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म राजधानी रायपुर ही रहा। जबकि सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। ना केवल राजधानी रायपुर बल्कि प्रदेश के अधिकतर स्थानों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 2 दिनों में तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

- सोमवार को दर्ज हुआ 40 .5 डिग्री तापमान, यह सामान्य से 3 डिग्री अधिक

### ओला वृष्टि भी संभावित

प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओला वृष्टि होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिम विक्षोभ, ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर ईरान और उससे लगे कैस्पियन सागर के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ एक द्रोणिका, निम्न से ऊपरी क्षोभमंडल पर 65 डिग्री पूर्व और 20 डिग्री उत्तर में 3.1 कम ऊंचाई पर स्थित है।

## एक मोनो पोल के लिए महज 50 वर्ग फीट जमीन ही जरूरी

हाईटेंशन टॉवर के लिए लगती है हजार फीट से ज्यादा जमीन

# हाईटेंशन टॉवर के स्थान पर लगेंगे अब कम स्थान घेरने वाले मोनो पोल, राजधानी से आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने राजधानी में जमीन की कमी को देखते हुए अब नई पारेषण लाइनों के विस्तार का काम मोनो पोल से करना प्रारंभ किया। इन मोनो पोल के माध्यम से अतिउच्च दाब लाइनों के केबल लगाए जाते हैं, जिसमें बहुत कम जमीन की आवश्यकता होती है और यह देखने में भी सुंदर होते हैं। राजधानी से लगे मेटल पार्क में 250 मीटर नई 132/33 केवी लाइन में मोनो पोल लगाए गए हैं। ये मोनो पोल अब हाईटेंशन टॉवरों का स्थान लेंगे। इसका आगाज राजधानी रायपुर से किया गया है। जहां भी स्थान की कमी होगी, वहीं पर ऐसे मोनो पोल लगाए जाएंगे। प्रदेशभर में एचटी लाइनों के लिए आमतौर पर हाईटेंशन टॉवर का इस्तेमाल किया जाता है। इन टॉवरों के लिए ज्यादा स्थान की जरूरत होती है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के मुताबिक पुरानी पद्धति से ईएचटी टॉवर लगाने पर प्रति टॉवर एक से दो हजार वर्गफीट जमीन की आवश्यकता होती है, जबकि मोनो पोल के लिए केवल 50 वर्ग फीट जमीन की जरूरत पड़ती है। शहरी क्षेत्रों में टावर लगाने के लिए जमीन नहीं मिलती। इसके विकल्प के रूप में मोनोपोल तकनीक से अतिउच्च दाब लाइनों का विस्तार किया जाता है। यह सुंदर दिखने के साथ अधिक सुरक्षित भी होता है। इसमें सामान्य लोग चढ़ भी नहीं सकेंगे, जिससे टावर में चढ़ने जैसी घटनाएं नहीं होंगी।



### उरला के सब स्टेशन की लाइन में लगाए मोनो पोल

राजधानी से लगे औद्योगिक क्षेत्र उरला-सिलतरा में मेटल पार्क स्थित 132/33 केवी सब-स्टेशन से नई लाइन खींची गई है, इसमें मोनो पोल का इस्तेमाल किया गया है। लगभग 100 फीट ऊंचे पोल से ईएचटी लाइन खींची गई है। ट्रांसमिशन कंपनी ने कैपिटल इंवेस्टमेंट प्लान के तहत अपने वित्त प्रबंधन से इसे तैयार किया है। इसमें 8 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसे मेटल पार्क सिलतरा में नवनिर्मित 132/33 केवी के उपकेन्द्र से जोड़ दिया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई है।

खबर संक्षेप



## नए बोर खनन पर एक अप्रैल से रोक

**रायपुर।** गर्मी के मौसम में पेयजल की कमी को देखते हुए कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले में नवीन बोर खनन (नलकूप) पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। यह रोक 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक लगाई गई है। छत्तीसगढ़ पेयजल अधिनियम 1986 के तहत जिले को 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक पानी की कमी वाला क्षेत्र घोषित किया है। इस अवधि में बिना अनुमति कोई भी व्यक्ति या संस्था बिना अनुमति के नए बोर, नलकूप खोद नहीं सकेगा। इस नियम के अपवाद स्वरूप कुछ शासकीय विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पूरे जिले में तथा नगर निगम और नगर पंचायतों को अपने क्षेत्र में केवल पेयजल के लिए बोर खनन की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए एडीएम रायपुर, एसडीएम रायपुर, एसडीएम आरंग, एसडीएम अभनपुर और एसडीएम तिल्दा को अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर अनुमति देने के लिए अधिकृत किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने ली अंतर्विभागीय बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने सोमवार को नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में अंतर्विभागीय बैठक ली। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान 21 जिलों में किए गए निरीक्षण एवं खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के अधिकारियों द्वारा उचित मूल्य दुकानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन एवं शासकीय आश्रम/छात्रावासों में पाई गई कमियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित बालक छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता एवं सामग्री आपूर्ति में सुधार के निर्देश दिए गए तथा कन्या छात्रावासों की स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर बताई गई। ट्राइबल विभाग द्वारा 21 जिलों की अनुशंसाओं के पालन प्रतिवेदन तथा पूर्व वर्षों के प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में आश्रम एवं छात्रावासों में दैनिक भोजन मेन्यू के स्थायी प्रदर्शन, पात्रता अनुसार भोजन वितरण तथा शिकायत एवं सुझाव हेतु आयोग और खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

# वित्त का निर्देश- रिटायरमेंट के तीन माह पहले देना होगा 'न मांग-न जांच प्रमाणपत्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि शासकीय सेवकों के रिटायरमेंट से तीन माह पहले ही न मांग न जांच का प्रमाणपत्र जारी किया जाए।

वित्त विभाग ने यह निर्देश इसलिए दिया है कि रिटायरमेंट के बाद शासकीय सेवकों को अपनी पेंशन के लिए भटकना न पड़े। यह निर्देश भी पेंशन प्रकरण लंबित रहने की स्थिति पर कड़ा संज्ञान लेने के बाद दिया गया है। इस संबंध में सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों और कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि कई मामलों में संबंधित प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति की तिथि पर पेंशन प्राधिकार जारी नहीं हो पाता, जिससे उन्हें अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ता है। निर्देशों के अनुसार, पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 'ऑनलाइन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम – आभार आपकी सेवाओं का' के तहत निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य किया गया है।




इसमें स्पष्ट किया गया है कि न मांग तथा न जांच प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया तय समय-सीमा में पूरी की जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सेवानिवृत्ति की तिथि से कम से कम तीन माह पूर्व संबंधित शासकीय सेवक का 'न मांग-न जांच प्रमाण पत्र' जारी हो जाए। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई को उच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा का पालन करने से पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण संभव होगा और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर पेंशन का लाभ मिल सकेगा।

### तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही से छत्तीसगढ़ बना आवास निर्माण का मॉडल : सीएम

# छत्तीसगढ़ में एक साल में 6 लाख से अधिक ग्रामीण आवास पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण आवास निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए हैं, जो इस वर्ष देश में सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के सशक्त एवं समन्वित क्रियान्वयन से यह उपलब्धि संभव हो पाई है, जिससे प्रदेश आवास निर्माण के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभरा है।




### सुशासन की दिशा में प्रभावी कदम

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ का यह मॉडल अब केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, समावेशी विकास और सुशासन की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने बताया कि 6 हजार से अधिक राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 1200 से अधिक "रानी मिस्त्री" शामिल हैं। साथ ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी इस पहल से जोड़कर उन्हें सम्मानजनक आजीविका के अवसर प्रदान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर कहा, छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण आवास निर्माण में एक नया इतिहास रचते हुए "सबको आवास" के संकल्प को तेजी से साकार किया है। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रथम कैबिनेट निर्णय में 18 लाख आवास स्वीकृत कर इस दिशा में ठोस शुरुआत की गई और वर्तमान में सर्वे सूची में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों को कवर कर लिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। उन्होंने कहा, वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 5.87 लाख, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत 13 हजार तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण किए गए हैं।योजनाओं के प्रभावी समन्वय से 6 लाख से अधिक आवासों का लक्ष्य पार किया गया है।

### एक वित्तीय वर्ष में रिकार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा, यह उपलब्धि वर्ष 2016 में योजना प्रारंभ होने के बाद प्रदेश में किसी एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक आवास पूर्ण होने का रिकॉर्ड है, जो तेज क्रियान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह पहल केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति दे रही है। "डीलर दीदी" मॉडल के तहत 9 हजार से अधिक महिला स्व-सहायता समूह सदस्य आवास निर्माण सामग्री की आपूर्ति कर "लखपति दीदी" बनकर आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। इसके साथ ही हजारों महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका के अवसर प्राप्त हुए हैं।

### पंचायतों में 7 तारीख को आवास दिवस

पिछले 10 महीनों में इस पर 1500 से अधिक शिकायतें एवं सुझाव प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया है। हर माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में "आवास दिवस" के माध्यम से जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर क्यूआर कोड आधारित सूचना प्रणाली से जानकारी सहज उपलब्ध हो रही है।



## भाजपा ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया : बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के बोहरही मंडल में प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा, भाजपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में लाखों कार्यकर्ताओं का योगदान है, जिनके त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण भाजपा आज दुनिया की नंबर एक पार्टी है। भाजपा ने कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना किया, लेकिन कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण विषय भाजपा का इतिहास और विकास पर बोलते हुए श्री बजाज ने कहा, जनसंघ की स्थापना 1951 से लेकर आज तक कार्यकर्ताओं के संघर्ष की लंबी गाथा है। देश के लिए भाजपा के संघर्ष का गौरवशाली इतिहास है, सभी कार्यकर्ताओं को इस संघर्ष गाथा से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री बजाज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तेजी से देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है, अंत्योदय का प्रयास तेजी से हो रहा है। पूरी दुनिया आज भारत के विकास से अचंभित है।



## नान अध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा- खाद्यान्न वितरण का काम तय समय पर किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव द्वारा मुख्यालय में प्रमुख अधिकारियों के साथ विभागीय विषयों पर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अध्यक्ष श्रीवास्तव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, जिन विषयों का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना आवश्यक हो, उन्हें उनके संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया, मुख्यालय स्तर से जिलों के संबंधित जवाबदेह अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक सख्ती की जाए, ताकि खाद्यान्न वितरण जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके तथा हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। अध्यक्ष श्रीवास्तव ने अधिकारियों को खाद्यान्नों के सुरक्षित भंडारण, विभागीय चिकित्सा देयकों के समयबद्ध निराकरण, विभागीय जांच की प्रगति तथा मुख्यालय द्वारा सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, शासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों को किया जाए। बैठक में कार्यपालन संचालक (वित्त) राजेश सिसोदिया, कंपनी सचिव संदीप अग्रवाल, एजीएम संतोष खापर्डे, एजीएम महेंद्र साहू, डिप्टी एजीएम त्रिनाधा रेड्डी, डिप्टी एजीएम मनोज वर्मा, डिप्टी एजीएम ज्योति सोनी, डिप्टी एजीएम प्रज्ञा कदम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस-वे पर फुण्डहर चौक में फ्लाई ओव्हर के लिए 87.53 करोड़ स्वीकृत

### एक्सप्रेस-वे और वीआईपी रोड पर यातायात होगा सुव्यवस्थित और तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने रायपुर में अटल पथ एक्सप्रेस-वे पर फुण्डहर चौक में ग्रेड सेपरेटर निर्माण के लिए 87 करोड़ 53 लाख 13 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके निर्माण से इस रूट पर यातायात तेज होगा।

इससे एक्सप्रेस-वे के साथ ही वीआईपी रोड पर भी यातायात तेज और सुव्यवस्थित होगा। एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय से ही शहरवासी इसकी मांग कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। उन्होंने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### समय सीमा में कार्य कराने के निर्देश

लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।


:: आम सूचना ::

वाके मौजा ग्राम गोंदवारा, प.ह.नं. 00037, रा.नि.मं. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 62/10 का भाग एवं 237/ 57 का भाग रकबा 2025 वर्गफुट भूमि (छ.ग.) भूमि के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण 01 श्री भगवान सिंह ठाकुर पिता स्व. रामप्रसाद 02 समृद्ध सिंह ठाकुर पिता श्री भगवान सिंह ठाकुर दोनों निवासी 143, जरवाय हीरापुर वार्ड नं.-1 हनुमान मंदिर, ठाकुरपारा, रायपुर के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि वाके मौजा- गोंदवारा, प.ह.नं. 00037, रा.नि.मं. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 62/10 का भाग एवं 237/ 57 का भाग रकबा 2025 वर्गफुट भूमि (छ.ग.) भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांकः 31.03.2026

संगीता साहू (अधिवक्ता)
पता- सिविल कोर्ट, रायपुर (छ.ग.),
Mo. no.- 99264.44948

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 229, को श्रीमती कुमुदिनी साहू पति श्री डोकेश्वर प्रसाद साहू के नाम से नामांतरण आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 14.03.2019 को सेलडीड (विक्रय-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती कुमुदिनी साहू पति श्री डोकेश्वर प्रसाद साहू निवासीः- दीनदयाल आवास कॉलोनी, तहसील - आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री पारषमणी टंडन पिता श्री तिलक राम टंडन निवासीः- मालीडीह रोड बरछा, तहसील आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक- 229, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
रायपुर (छ.ग.)

रिपो कीट गुमा / शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता भूषण कुमार वैष्णव आयु 43 वर्ष पिता हरी शरण वैष्णव निवासी कृष्णा नगर रायपुर तहत जिला रायपुर जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूँ-

01. यह कि मै शपथकर्ता उपरोक्त नाम व पता का निवासी हूं।
02. यह कि मै शपथकर्ता ने अपने कर्मचारी खालीद खान को रिपो कीट नं 549 को इशु कराया था आर बी एल बैंक समता कालौनी रायपुर से इशु कराया था।
03. यह कि उक्त रिपोकीट नं. 549 जो कि मेरे कर्मचारी खालीद खान से दिनांक 19/03/2026 को दोपहर 3 बजे के समय पहाडीपारा चौक के पास गिर कर गुम हो गया है, जिसकी एफ आई आर सूचना संबंधित थाना में दर्ज कराने बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथ पत्र में उल्लेखित सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान से सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक- 30/03/2026

शपथकर्ता
भूषण कुमार वैष्णव

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7190 दिनांक 15.12.2022 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एम.आई.जी. - । फ्लैट- 07/107 को सुश्री मेलवीना विक्रम फ्रर्नाडीस पिता श्री फ्रांसिस जोसेफ एंथोनी के नाम पर नामांतरण (विक्रय विलेख) किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 03.11. 2022 को रजिस्ट्री (विक्रय विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में सुश्री मेलवीना विक्रम फ्रर्नाडीस पिता श्री फ्रांसिस जोसेफ एंथोनी, निवासी :- मां पथवारी मैरिज होम काली मंदिर शांति नगर, एटा, उत्तर प्रदेश पिन नं. 207001, के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री सृजन दास पिता स्व. श्री प्रमोद दास, निवासीः - सरिया, बरमकेला, रायगढ़, जिला - रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एम. आई.जी. - । फ्लैट -07/107 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



16




ड्रग तस्करी का काम 'प्रोफेसर' गैंग ....


## सिटी लाइव

### नन्हे हाथों ने थामा प्रकृति का हाथ सीखा वैज्ञानिक तरीके से पौधारोपण



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने 'प्रकृति की ओर' सोसायटी ने नई पीढ़ी को पर्यावरण से जोड़ने की दिशा में ओम्निया हॉल में विशेष दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण बच्चों का उत्साह रहा। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें मिट्टी का सही मिश्रण तैयार करने, वैज्ञानिक तरीके से पौधों का रोपण करने और उनके विकास के लिए जरूरी देखभाल के गुर भी सिखाए गए। बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से मिट्टी छुई और जीवन को सहेजने का पहला पाठ पढ़ा। कार्यक्रम में केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभिभावकों ने सोसायटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों को प्रकृति के करीब लाना और उन्हें 'प्लांट पैरेंटिंग' सिखाना बेहद जरूरी है। सोसायटी के इस मिशन को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य मोहन वल्यानी, डॉ. अनिल चौहान, मनीषा त्रिवेदी, सर्वत सेठी, निर्भय धारीवाल, प्रियंका सिन्हा, अंजू रेडी और प्रियांशु सिन्हा सहित कई सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

#### भविष्य का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को निशुल्क पौधे वितरित किए गए, ताकि वे घर जाकर अपनी सीखी हुई बातों को अमल में ला सकें। सोसायटी ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से शहर की हरियाली बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सिलसिला सतत जारी रहेगा।

## इवेंट लाइव

### 'उत्तर रामायण प्रसंग' में बाल कलाकारों की अद्भुत संवाद अदायगी ने दर्शकों का मन मोहा



**रायपुर।** संवाद प्रेषण यानी डायलॉग डिलीवरी अभिनय का वह हुनर है, जिसके जरिए रंगमंच के कलाकार अपनी भावनाओं और आवाज को उतार-चढ़ाव के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते हैं। ऐसी ही रोचक संवाद अदायगी अगर बच्चे करें तो अवसर ही नहीं, माहौल भी खास हो जाता है। अपनी नाट्य प्रस्तुति 'उत्तर रामायण प्रसंग' में गंभीर संवाद करने लगे तो तालियां तो बजनी ही है। ऐसा ही नजारा महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में देखने को मिला। जब मंडल में चल रहे वाल्मीकि रामायण कथा के दौरान बाल कलाकारों ने अपर्णा कालेले के निर्देशन में 'उत्तर रामायण प्रसंग' का मंचन करते हुए दर्शकों से वाहवाही लूटी। इस आयोजन के साक्षी बच्चों के माता-पिता और उनके रिश्तेदार भी बने।

#### हर बात जानने के लिए सही समय जरूरी

*नाट्य अभिनय के दौरान गुप्तचर की सूचना पर श्रीराम की प्रतिक्रिया, हनुमानजी की स्वामी भक्ति, श्रीराम से प्रश्न पूछने के लिए लव-कुश की जिज्ञासा, माता सीता का दुखी भाव, उत्साह और जिज्ञासा बच्चों के चेहरे में देखने को मिले। उत्तर रामायण के प्रसंग में बाल कलाकारों ने यह संदेश प्रभावशाली तरीके से दिया कि हर बात को जानने का एक सही समय होता है। जिस तरह लव-कुश को अपनी सच्चाई उचित समय पर ही गुरु वाल्मीकि ने बताई और एक अनर्थ अपने आप ही टल गया। उस अवसर को दर्शकों ने उत्साह से कैमरे में कैद किया।*

● गर्मी शुरू होने के साथ ही बढ़ने लगा हेल्दी पैरेंटिंग का ट्रेंड, पहले बच्चे को लेकर पैरेंट्स में बढ़ रही सजगता


# नवजात शिशु के शारीरिक विकास में रोड़ा बन सकते हैं नमक और शक्कर, विशेषज्ञों से डाइट टिप्स लेने का बढ़ा क्रेज

"नवजात शिशु के शारीरिक विकास में नमक और शक्कर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। इससे बचाने के टिप्स शिशुरोग विशेषज्ञों द्वारा पैरेंट्स को दिए जा रहे हैं। पहली बार पैरेंटिंग के दायित्व से जुड़े पैरेंट्स मौसम बदलने के दौरान नवजात की डाइट, पहनावे को लेकर भी विशेषज्ञों से टिप्स लेने लगे हैं। इसमें डाइट प्लान के साथ ही बाहरी मौसम की मार से नवजात को बचाने का सबक ले रहे हैं।



#### डाइट में फलों का रस और ड्राय फ्रूट्स शामिल करें

शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. ओंकार खंडेलवाल ने बताया कि अब पहली बार माता-पिता बनने वाले अभिभावक बच्चे के डाइट प्लान को लेकर ज्यादा सजग हैं। उनको एक वर्ष की आयु तक बच्चों को शक्कर और नमक से दूर रखने की सलाह देते हैं, ताकि शारीरिक और मानसिक विकास सही दिशा में हो सके। इस स्थिति में माता-पिता फल या सूखे मेवे जैसी प्राकृतिक वस्तुओं को डाइट में शामिल कर सकते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थ न केवल पौष्टिक होते हैं, बल्कि बच्चों की पाचन क्रिया के लिए भी अनुकूल होते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ने से पहले की अपेक्षा अब ज्यादा सवाल करते हैं।



डाइट प्लान के साथ ही बाहरी मौसम की मार से नवजात को बचाने का सबक ले रहे हैं

**रायपुर।** नए अनुभव को लेकर जीवन से जुड़ने के लिए सजग हैं। इसमें सिर्फ यह फर्क आया है कि पहले शिक्षा के अभाव में जागरूकता नहीं थी, लेकिन अब गुड पैरेंटिंग का क्रेज सालभर के बच्चे का डाइट प्लान भी टिप्स का हिस्सा बनने लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है, जिसे देखकर पहली बार माता-पिता बनने वाली दंपति सजग भी होने लगे हैं। जिनको विशेषज्ञों द्वारा नवजात को सालभर नमक और शक्कर का सेवन करने से बचाने की सलाह दी जा रही है।

#### एक साल तक बच्चे की करें विशेष देखभाल

*आंबेडकर अस्पताल के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश लालवानी ने बताया कि जन्म से लेकर एक साल तक के बच्चों को नमक और शक्कर देना सही नहीं है। इस उम्र में बच्चों का शरीर पूरी तरह विकसित नहीं होता, खासकर किडनी और लिवर का विकास धीरे-धीरे होता है। डॉ. लालवानी बताया कि बच्चों की पाचन क्रिया भी एक साल की उम्र तक पूरी तरह सक्रिय नहीं होती, इसलिए भी नमक और शक्कर जैसे तत्वों का सेवन उनके लिए उचित नहीं होता है। इससे किडनी और लिवर पर असर पड़ने के साथ ही पाचन में भी दिक्कत होती है। यह ब्लड शुगर लेवल की समस्या और स्किन इंफेक्शन का रूप ले सकता है।*

#### गर्म कपड़े पहनाकर बच्चे को धूप में न ले जाएं

*गर्मी में डिहाइड्रेशन की स्थिति से बचाने के लिए 7 माह से 12 महीने तक के बच्चों को ओआरएस का घोल प्राथमिकता से देना चाहिए। बच्चों को धूप में ले जाने से बचने की जरूरत है। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. ममता लालवानी ने बताया कि गर्मी में बच्चों में स्किन से जुड़ी दिक्कतें ज्यादा होती हैं। धूप में लेकर जाते समय गर्म कपड़ों को पहनाने से बचें। गर्मी में बच्चों के शरीर पर तेल से मालिश करने के बजाय नहलाना चाहिए। अभी दो बार नहलाने से भी उनको स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी नहीं होगी।*

# इंटरनेट ऑफ थिंग्स से बदल रही दुनिया विद्यार्थियों को समझाए कॅरियर के अवसर

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बीसीए विभाग के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सोनू अग्रवाल (सह-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष) कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में इंटरनेट ऑफ थिंग्स को सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि यह एक ऐसी आधुनिक तकनीक है, जिसमें रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली वस्तुएं जैसे मोबाइल, स्मार्ट टीवी, घड़ी, वाहन और घरेलू उपकरण इंटरनेट से जुड़े होते हैं और आपस में जानकारी साझा करते हैं। इस तकनीक के माध्यम से कार्यों को अधिक आसान, तेज और सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से स्मार्ट होम, स्मार्ट सिटी, स्वास्थ्य सेवा एवं औद्योगिक क्षेत्रों में इसके बढ़ते उपयोग को भी समझाया तथा विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया।

### मैक में व्याख्यान का आयोजन



#### तकनीकी चुनौतियों के लिए किया तैयार

*कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. रमेश अग्रवाल तथा पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सहयोग का विशेष उल्लेख किया गया, जिनके नेतृत्व में महाविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी, उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी, विभागाध्यक्ष वर्तिका श्रीवास्तव एवं विभाग के समस्त प्राध्यापकतथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथि व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों से अवगत कराना, उनके ज्ञान को बढ़ाना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना था। अंत में आयोजकों द्वारा अतिथि का आभार व्यक्त किया गया एवं विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों से अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।*

# 'द राइजिंग कायस्थ स्टार' में 63 प्रतिभागियों का चयन



**रायपुर।** नेशनल कायस्थ एक्शन कमेटी की ओर से देशभर में कायस्थ समाज के प्रतिभाओं के विकास के लिए डिजिटल फिल्मी गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता 'द राईजिग कायस्थ स्टार' के बैनर तले देशभर के सभी राज्यों में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश में निवासरत 7 से 25 वर्ष के आयुवर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इसी क्रम में 9वें एपिसोड के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में भी इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 78 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें से 63 प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट का फिल्मी गीत कराओके म्यूजिक के साथ अपना वीडियो तैयार कर 11 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयोजक आरपी श्रीवास्तव रायपुर को प्रेषित करना था। चयनित प्रतिभागियों का लाइव अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण डिजिटल सोशल मीडिया पर 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर किया जाएगा। 'द राईजिग कायस्थ स्टार' के सूत्राधार अशोक श्रीवास्तव, राष्ट्रीय संयोजक नई दिल्ली एवं गोपाल जौहरी, संयुक्त संयोजक भोपाल की अहम भूमिका रही।

### वेटलिफ्टर पल्लवी पायेंग ने पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता

# सपने को जिंदा रखने छह महीने की बेटी को घर में छोड़कर मैदान पर उतरी मां, जीता रजत पदक

खेलों की दुनिया में खिलाड़ी कड़ी मेहनत के बाद वापसी कर रहे हैं। असम की वेटलिफ्टर पल्लवी पायेंग ने पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर न केवल अपने राज्य का मान बढ़ाया, बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए एक मिसाल पेश की है, जो शादी या बच्चों के बाद अपने सपनों को अधूरा छोड़ देती हैं।




**रायपुर।** असम की मिसिंग जनजाति से ताल्लुक रखने वाली पल्लवी के लिए यह सफर आसान नहीं था। 2018 में करियर की शुरुआत करने वाली पल्लवी की रफ्तार पर कोविड-19 ने ब्रेक लगा दिया था। इसी दौरान वे मां बनीं। जब उनकी बेटी महज छह महीने की थी, तब पल्लवी के सामने एक दर्दनाक फैसला था, या तो वे अपनी बेटी के पास रहें या फिर अपने खेल के सपने को जिंदा रखने के लिए ट्रेनिंग पर लौटें।

#### महिला हॉकी में मिजोरम और ओडिशा पहुंचे फाइनल में

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सोमवार को उत्साह और रोमांच के बीच खेले गए। पहले सेमीफाइनल मैच में मिजोरम की टीम ने झारखंड को कड़े मुकाबले में 3-2 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। दोनों टीमों के बीच मैच बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें मिजोरम ने अंत तक बढ़त बनाए रखी। दूसरे सेमीफाइनल मैच में ओडिशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 8-0 से हराया। ओडिशा की टीम ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। इन परिणामों के साथ मिजोरम और ओडिशा की टीमें अब फाइनल में आमने-सामने होंगी, जहां खेलप्रेमियों को खिताब के लिए रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।



#### पति ने दिया साथ

पल्लवी कहती हैं, एक मां के लिए अपनी छह महीने की बच्ची को छोड़ना भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था, लेकिन मुझे पता था कि यही सही समय है। पल्लवी के पति सुखावन थौमंग, जो खुद पूर्व राष्ट्रीय मुक्केबाज और वर्तमान में बीएसएफ में तैनात हैं, उनके सबसे बड़े समर्थक बने। वहीं पल्लवी की मां ने बच्ची की पूरी जिम्मेदारी संभाली, ताकि पल्लवी बिना किसी चिंता के अभ्यास कर सकें।

#### हार के बाद सुनहरी वापसी

वापसी का रास्ता कांटों भरा था। 2023 की राज्य चैंपियनशिप में वे छठें स्थान पर रहीं और 2024 में भी उन्हें निराशा हाथ लगी, लेकिन पल्लवी ने हार नहीं मानी। 2025 में उन्होंने अस्मिता लीग में स्वर्ण जीता और अब रायपुर के इन खेलों में रजत पदक जीतकर साबित कर दिया कि हौसलों के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। पल्लवी की यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि एक मां के त्याग और अटूट संकल्प की कहानी है।

**खबर संक्षेप**

## पौधे के समान हैं बच्चे, सही पोषण से बनेंगे विशाल वृक्ष

**आरंग।** बच्चों का सर्वांगीण विकास ही एक सशक्त समाज की नींव है। बच्चे एक नन्हे पौधे के समान होते हैं, जिन्हें यदि समय पर सही मिट्टी, खाद, पानी और धूप मिल जाए, तो वे भविष्य में एक विशाल और फलदायी वृक्ष बनते हैं। यही कार्य "गढ़बो बचपन" कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। यह विचार ग्राम सिवनी की आंगनवाड़ी शिक्षिका निर्मला मालवीय ने होटल ट्राइटन में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एडुवीव फाउंडेशन द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में निर्मला मालवीय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल पारंपरिक पढ़ाई नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें स्कूल के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार करना है। उन्होंने बताया कि एडुवीव फाउंडेशन और विभाग के साझा प्रयासों से बच्चों के विकास के सभी आयामों पर बारीकी से काम किया जा रहा है।

# दो माह पहले पकड़ा गया था केरला कैफे से 10 कट्टा पीडीएस चावल, जांच अब तक पूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की प्रोफेसर कालोनी स्थित केरला कैफे से खाद्य विभाग ने दो महीने पहले 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्त किया था। इस चावल को कैफे प्रबंधक द्वारा किसी पीडीएस दुकान से खरीदना बताया गया था। खाद्य विभाग ने इस मामले को जांच में लिया था, लेकिन इन दो महीनों में अब तक विभाग के इंस्पेक्टर यह पता नहीं कर पाए हैं कि आखिकर पीडीएस चावल को किस दुकानदार ने बेचा था। इस मामले में कैफे का संचालन करने वालों के विरुद्ध भी कोई प्रकरण नहीं बनाया गया है, क्योंकि पीडीएस का चावल खरीदना भी अपराध है।

**अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता ने उजागर किया था मामला :** प्रोफेसर कालोनी स्थित कैफे द्वारा पीडीएस चावल की खरीदी करने का मामला अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता अफरोज ख्वाजा ने उजागर किया था। उन्होंने एक सूचना के आधार पर पीडीएस चावल से भरा एक ऑटो रिक्शा का पीछा करते हुए उसे केरला कैफे में ले जाते पकड़ा था। ऑटो चालक ने कैफे में 10 कट्टा पीडीएस चावल उतारा। इसी दौरान अफरोज ख्वाजा ने इसका विडियो बनाकर इसकी सूचना पुलिस और खाद्य विभाग को दी थी। इसके बाद मौके पर पुलिस के अलावा खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर सरिता अग्रवाल भी पहुंची थी। इंस्पेक्टर ने इस दौरान पीडीएस चावल को जब्ती बनाने की कार्रवाई भी किया था, साथ ही मामले में प्रकरण बनाकर इसकी जांच करने की बात कही थी।



### अब तक जांच नहीं की गई

केरला कैफे से 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्ती के मामले में अब तक जांच नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत होता है मामले को दबा दिया गया है।

- **अफरोज ख्वाजा,** प्रदेश प्रवक्ता अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग

### दो महीने में जांच नहीं

पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का उजागर हुए इस मामले को अब दो महीने हो चुके हैं। इसके बाद भी इस मामले में अब तक न ही केरला कैफे का संचालन करने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है, और ना ही उस सहकारी पीडीएस दुकान का पता लगाया जा सका है, जहां से यह पीडीएस चावल खरीदा गया था।

### इडली-दोसा बनाने में किया जाता है इस्तेमाल

बताया जा रहा है कि पीडीएस चावल का इस्तेमाल इडली, दोसा बनाने में भी किया जाता है। केरला कैफे में भी इडली-दोसा बनाया जाता है। संभावना यहीं जताई गई थी, इस कैफे में भी इडली एवं दोसा के लिए पीडीएस चावल का ही इस्तेमाल किया जाता है।

### पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री जारी

पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का कारोबार जिले में भी जमकर चल रहा है। केरला कैफे में पकड़ाया 10 कट्टा पीडीएस चावल भी इसका एक उदाहरण है। इससे पहले कई राशन दुकानों में पीडीएस चावल के बदले हितग्राहियों को पैसे देने के मामले सामने आ चुके हैं।

## संत कंवरराम वर्सी महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** संत कंवरराम परमार्थ सेवा समिति और शंकरनगर, शांतिनगर पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में आगामी मई माह में संत कंवरराम वर्सी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जहां कई कमेटियों का गठन किया गया और रूपरेखा निर्धारित की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में शाम 4 से 5 बजे अन्नदान योजना के तहत 100 निर्धन परिवारों को अन्न वितरित किया जाएगा। साथ ही शाम 5 से 6 बजे छायागीत म्यूजिक ग्रुप की संगीत प्रस्तुति होगी।






# जनगणना में फील्ड ट्रेनिंग का काम खत्म, 100 मास्टर ट्रेनर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राष्ट्रीय जनगणना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्र के अनुसार फील्ड ट्रेनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत सबसे पहले जनगणना के लिए 100 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। इन मास्टर ट्रेनरों को जनगणना की प्रक्रिया, सर्वेक्षण का तरीका, डेटा संकलन और दायित्वों की जानकारी विस्तार से जानकारी दी गई। ये मास्टर ट्रेनर अब पर्यवेक्षकों और जनगणना ड्यूटी में लगे अन्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे। पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग का काम 8 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जो 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 1 से 31 मई तक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य होगा। इसके तहत प्रत्येक भवन, उसमें मकानों की संख्या, उनका उपयोग आदि जानकारी एकत्र की जाएगी।




### जनगणना के लिए 4440 प्रगणक एवं 789 पर्यवेक्षक बनाए गए



अधिकारिक सूत्र के अनुसार 8 ग्रामीण तहसील, नगर निगम रायपुर एवं नवा रायपुर का एक क्षेत्र मिलाकर कुल 21 क्षेत्रों के लिए 4440 प्रगणक एवं 789 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी जनगणना के लिए लगाई गई है। पूरे जिले के अनुसार इनकी संख्या और ज्यादा है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक चार्ज अधिकारी नियुक्ति किया है। इसके अनुसार 21 क्षेत्रों में 21 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के अनुसार चार्ज क्षेत्र और अधिकारियों की संख्या भी ज्यादा है।

### 33 प्रश्न पूछे जाएंगे

भवन और मकानों की सूचीकरण का कार्य पूर्ण होने बाद जनगणना के दौरान मकान मालिकों से करीब 33 सवाल पूछे जाएंगे। लोगों को बताना होगा कि उनके मकान की छत, फर्श, दीवार किस सामग्री से बनी है। रेडियो, टीवी और इंटरनेट जैसी सुविधाएं हैं या नहीं, घर में कितने लोग रहते हैं, कौन-कौन सी गाड़ियों का उपयोग करते हैं, बिजली-पानी की सुविधा है या नहीं, किचन में खाना बनाने के लिए क्या यूज करते हैं। लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्टफोन चलाते हैं में क्या-क्या उपयोग करते हैं, जैसे कई प्रश्न शामिल हैं।






# MAHAVEER JANMAKALYANAK

## *SPECIAL OFFER*

**Wedding Package at**
**₹ 21 Lacs* for two days**

*Valid for the first 25 bookings only.

**65 Rooms & Suites**
**Ballroom | Banquet | Lawns**
**Poolside & much more**



www.lalitmahal.in

Reserve Your Wedding Dates Now!

0771-6688000 | 75098 19000 | 75093 19000

Hukam's Lalit Mahal, Serikhedi, Raipur, Chhattisgarh, 492101

Designed by For One Media

# ट्रैफिक उल्लंघन के डेढ़ लाख प्रकरण, आधे से ज्यादा बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। ट्रैफिक पुलिस ने आईटीएमएस के माध्यम से एक जनवरी से 27 मार्च की स्थिति में 1 लाख 59 हजार 158 ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ई-चालान काटा है। कार्रवाई से ट्रैफिक पुलिस के खजाने को तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व मिला है। ट्रैफिक पुलिस के राजस्व में इजाफा करने वाला एक बड़ा वर्ग बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों का है। इन तीन महीनों में ट्रैफिक पुलिस ने बगैर हेलमेट वाहन चलाने वाले 90 हजार 666 दोपहिया वाहन चालकों का ई-चालान काटा है।

- रास्ते में रोकने टोकने के बजाय सीधे ई-चालान मोबाइल में भेज रही पुलिस

पूर्व में बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वालों के मैन्युअल ई-चालान काटने से विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस विवाद से बचने बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वालों के खिलाफ ई-चालान काट कर उनके मोबाइल में मैसेज भेज रही है। बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वालों से ट्रैफिक पुलिस अब तक 45 लाख रुपए जुर्माना वसूल चुकी है। ट्रैफिक डीसीपी विकास कुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## सिटी से लेकर आउटर में बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वालों के खिलाफ कट रहा ई-चालान

### बगैर हेलमेट ई-चालान पटाने वालों का ट्रैफिक थाना में तांता

जिन लोगों द्वारा ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान काटे जाने पर ऑनलाइन समंस की राशि जमा नहीं किया जाता, उन लोगों द्वारा ट्रैफिक थाना में कैश में चालानी राशि जमा की जा रही है। ट्रैफिक थाना में कैश में जुर्माना राशि जमा करने वालों में बड़ी संख्या में बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वाले वाहन चालक पहुंच रहे हैं। हर दस में से छह बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वाले वाहन चालक चालान जमा करने पहुंच रहे हैं।

**केस 1**

### सात बार कटा बगैर हेलमेट ई-चालान

महावीर नगर निवासी बाबू का महावीर नगर चौक में तीन बार तथा अन्य चार अलग-अलग स्थानों में बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर आठ हजार रुपए के करीब ई-चालान कटा है। चालान की राशि जमा करने अब वो परेशान हो रहा है। बार-बार ई-चालान कटने से परेशान होकर वह बाजार से नया हेलमेट खरीद दोपहिया चला रहा है।

**केस 2**

### घर से निकलते ही कटा ई-चालान

फुंडहर निवासी देवेंद्र यादव हेलमेट पहन कर ही दोपहिया चलाते हैं। पिछले सप्ताह हड़बड़ी में बगैर हेलमेट पहने दोपहिया लेकर घर से निकला। फुंडहर चौक के पास लगे कैमरा में उनकी बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने का फोटो, वीडियो आ गया। शनिवार को देवेंद्र के मोबाइल में बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर पांच सौ रुपए का ई-चालान आ गया।

### लोग सेटलमेंट कराने पहुंच रहे ट्रैफिक थाना

जिन लोगों का बगैर हेलमेट दोपहिया चलाते पहली बार चालान कटता है, उनका पांच सौ रुपए का जुर्माना रहता है। रिपीट में बगैर हेलमेट ई-चालान कटने पर राशि एक हजार रुपए से दो हजार रुपए तक पहुंच जाती है। जिन वाहन चालकों का एक बार से ज्यादा बगैर हेलमेट ई-चालान कटा है, ऐसे लोग सेटलमेंट कराने ट्रैफिक थाना पहुंच रहे। उन्हें थाने से भी किसी तरह से मदद नहीं मिल रही। इस वजह से मजबूरी में उन्हें चालान की राशि जमा करनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप



### दिगंबर जैन मंदिर में भव्य अभिषेक, आज निकलेगी शोभायात्रा

रायपुर। भगवान महावीर स्वामी की 2624वीं जयंती के उपलक्ष्य में मालवीय रोड स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में सोमवार को भक्तिमय अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। मंदिर के पूर्व सचिव श्रेयश जैन 'बालू' ने बताया कि प्रातःकाल मंत्रोच्चार के बीच भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का रजत कलशों से प्रासूक जल द्वारा भव्य अभिषेक किया गया। इसके बाद विश्व शांति और जनकल्याण की भावना के साथ 'शांतिधारा' संपन्न की गई। पूरा मंदिर परिसर 'महावीर स्वामी के जयकारों' और पवित्र मंत्रों से गुंजायमान रहा। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जयंती के मुख्य दिवस 31 मार्च को भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति द्वारा आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) से भगवान की भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### नक्सलवाद का अंतः छत्तीसगढ़ में एक नए युग का सूर्योदय

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के अंत होने से एक नए युग का सूर्योदय होगा। छत्तीसगढ़ अब वास्तव में शांति का टापू बन सकता है। बस्तर की वादियां, झरने, जंगल और सांस्कृतिक धरोहर देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ को लेकर अपने प्रतिक्रिया देते हुए सामाजिक न्यायकर्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल, पिछले लगभग चार दशकों से नक्सलवाद की भयावह छाया में जीता रहा है। यह वह धरती है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और आदिवासी अस्मिता के लिए जानी जाती है।

## निधन

### अब्दुल सलीम



रायपुर। हाजी रज्जाक साहब के बड़े बेटे अब्दुल सलीम का इंतेकाल हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे समीर, मुजीब के वालिद और पिंटू के बड़े भाई थे।

# ड्रग तस्करी का काम 'प्रोफेसर' गैंग के पैडलर संभाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में ड्रग खपाने ड्रग पैडलर पुलिस को हर स्तर पर चुनौती दे रहे हैं। पूर्व में ड्रग तस्करी केस में गिरफ्तार चर्चित प्रोफेसर गैंग के मास्टर माइंड ने अपने एक महिला मित्र के माध्यम से एक बार फिर ड्रग नेटवर्क खड़ा कर लिया है। उसके द्वारा ही ड्रग सप्लाई का सिस्टम बदल दिया गया है। प्रोफेसर गैंग से जुड़े आयुश अग्रवाल, चिराग शर्मा, कुसुम हिंदूजा तथा महेश सिंह खड़ाका को पिछले वर्ष निचली अदालत ने पांच-पांच वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई थी। उसी गैंग से जुड़े एक युवक तथा युवती ने अपने पुराने ड्रग नेटवर्क को खड़े कर लिया है।

- लिंक तलाश कर पुलिस एक माह तक कुरियर से ड्रग मंगाती रही

एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि प्रोफेसर गैंग का ड्रग पैडलर अपने एक महिला साथी के साथ मिलकर एक बार फिर ड्रग नेटवर्क खड़ा करने में कामयाब हो गया है। ड्रग पैडलर अपनी पिछली गलतियों से सबक लेते हुए ड्रग खपाने का पैटर्न बदलते हुए कुरियर के माध्यम से ड्रग आपूर्ति कर रहे हैं। प्रोफेसर गैंग के उस सदस्य के पास अपने पुराने ड्रग लेने वाले लोगों का संपर्क नंबर है। इस वजह से उसने आसानी से अपने पुराने ड्रग नेटवर्क को खड़े कर लिया।



कबीरनगर, गुमा में सोमवार को कुरियर कंपनी में ड्रग को लेकर पुलिस की कार्रवाई।

### लिंक तलाश कर एक माह तक ड्रग खरीदा

कुरियर से ड्रग तस्करी करने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कुरियर से ड्रग भेजने वालों का लिंक तलाश कर एक महीने तक ग्राहक बन कर अलग-अलग कुरियर से ड्रग मंगाया। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीम कुरियर से ड्रग भेजने वालों को दबोचने दिल्ली रवाना हुई।

### दिल्ली से ट्रेस करते रायपुर में किया ट्रैप

ड्रग खपाने के आरोप में पुलिस ने कुणाल मंगतानी, सौरभ डोंगरे, शुभम राठौर और सौरभ यादव को अरेस्ट किया है। इनके द्वारा कुरियर से ड्रग मंगाया गया था। पुलिस ने इन चारों को पकड़ने इनके कुरियर को दिल्ली से ट्रेस करते हुए रायपुर में ट्रैप किया।

### कुरियर से ड्रग ट्रैप करना मुश्किल

कुरियर कंपनी के माध्यम से ड्रग सप्लाई को ट्रैप करना मुश्किल है। महज दो से चार ग्राम ड्रग को पैडलर बुक, कपड़ा या अन्य सामान में छिपाकर आसानी से भेज देता है। डिलीवरी लेने वाले को भी अपने घर, ऑफिस या किसी अन्य जगह आसानी से मिल जाता है। कुरियर से ड्रग मंगाने वालों में बड़ी संख्या में यूजर शामिल हैं। ड्रग नहीं मिलने से यूजर परेशान होकर दिल्ली सहित अन्य राज्यों से पैडलर के जरिए कुरियर से ड्रग मंगा रहे हैं।

### यूजर पर कार्रवाई क्यों नहीं...?

पुलिस सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने तथा ऑनलाइन जो सट्टे में दांव लगाते हैं, गांजा पीते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करती है। ऐसे में सवाल उठता है, पुलिस ने अब तक जितने ड्रग के प्रकरण दर्ज किए हैं, ड्रग पैडलर तथा तस्करों से सैकड़ों की संख्या में यूजर के नाम हासिल किए हैं, लेकिन पुलिस ड्रग यूजर के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती। ड्रग प्रकरण में पुलिस ने विधानसभा में जो जानकारी दी थी, उसमें नव्या मलिक का नाम विलोपित कर दिया था। यूजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से राजधानी में ड्रग तस्करी कम होने के बजाय दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।

### आधा दर्जन लोगों की गिरफ्तारी

कुरियर से ड्रग मंगाने वाले मामले में आधा दर्जन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। पूछताछ में उनसे कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जानकारी के आधार पर आगे और कार्रवाई की जाएगी।

*- डॉ. संजीव शुक्ला*
*पुलिस कमिश्नर, रायपुर*

# नगर निगम ने 2 होलीक्रॉस स्कूलों को किया सील, 58 लाख प्रापर्टी टैक्स जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार को शहर के दो बड़े स्कूलों पर कार्रवाई की है। प्रापर्टी टैक्स बकाया होने पर बैरनबाजार और शैलेंद्र नगर के होलीक्रॉस स्कूल को सील कर दिया। बैरनबाजार के स्कूल पर करीब 34 लाख रुपए और शैलेंद्र नगर स्थित स्कूल पर करीब 24 लाख रुपए प्रापर्टी टैक्स का बकाया था।

- नोटिस के बावजूद बकाया राशि भुगतान नहीं

दरअसल, नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा संपत्ति कर बकाया राशि भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों पर इन दिनों कड़ाई बरती जा रही है। निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर राजस्व विभाग ने बैरनबाजार और शैलेंद्र नगर स्थित होलीक्रॉस स्कूल परिसरों के मुख्य गेट पर ताला लगाकर सीलबंदी की। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम द्वारा संबंधित संस्थान को कई बार इस संबंध में नोटिस जारी किया गया, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने बकाया कर की राशि का भुगतान नहीं किया। इसके बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने सीलबंदी की कार्रवाई की।



नगर निगम जोन 4 राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी की अगवाई और आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में यह कार्रवाई की। नगर निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि होलीक्रॉस स्कूल कांपा द्वारा तत्काल रायपुर नगर निगम को अपना सम्पूर्ण बकाया अदा कर दिया गया है।




### प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष ...

सभापति सूर्यकांत राठौर ने इस पर साफ मनाही करते हुए उन्हें कहा कि प्रश्नकाल में पूछे गए प्रश्न का जवाब संबंधित विभाग के भारसाधक सदस्य को ही देना है , कोई तीसरा इसका जवाब नहीं दे सकता। इस बात को लेकर महापौर मीनल चौबे भड़क उठीं। इससे कुछ देर के लिए सदन में हंगामा मच गया। प्रश्नकाल में पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण पर नोटिस तो दिया जाता है, पर कार्रवाई नहीं होती है।

### विपक्ष ने सुर मिलाया- वादा ...

स्लोगन वाली तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे और गाना भी गाया। इससे सदन की कार्यवाही में बाधा होने पर सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें टोका। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के पार्षद भी अपनी सीट छोड़ डायस के सामने जमा हो गए और विपक्षी पार्षदों के सामने नारेबाजी करने लगे। सभापति का कहना था कि सदन में तख्तियां लेकर आना प्रतिबंधित है, पहले तख्तियां वापस रखी जाएं, तभी कार्यवाही शुरू होगी। इस बीच पंद्रह मिनट तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, संदीप साहू, जयश्री नायक, अर्जुमन ढेबर, रेणु साहू, दीप-मनीराम साहू ने सभापति से मांग की कि पहले सदन में अधूरे वादों पर चर्चा हो, तभी तख्तियां वापस रखी जाएंगी। ***सभापति और एमआईसी सदस्य में जमकर तकरार :*** प्रश्नकाल से पहले नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा के बीच जमकर तकरार हुई।

मनोज वर्मा ने सभापति से कहा कि आपने बिना सदन को सूचित किए सदन की कार्यवाही रोक कर चले गए। हंगामा करने वाले कांग्रेसी पार्षदों पर कारवाई क्यों नहीं कर रहे? इससे बिफरे सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें जवाब दिया कि अपना काम मैं बखूबी जानता हूं, मैंने सदन की गरिमा का ध्यान रखते हुए कार्यवाही बाधित होने पर 15 मिनट के लिए सदन को स्थगित करने की घोषणा की थी, आप नहीं सुन पाए इसमें मेरी गलती नहीं है। श्री राठौर ने कहा कि विपक्ष के किस सदस्य पर एक्शन लेना है यह उन्हें पता है।

यह पहला मौका नहीं है जब सामान्य सभा की बैठक शुरू होने से पहले सदन में विपक्षी दल ने जन समस्याओं को लेकर नारेबाजी की हो। सदस्यों को पनिशमेंट मेरे विवेक पर छोड़ दें। कुल मिलाकर सभापति और एमआईसी सदस्य के बीच बहस को सुलझाने महापौर मीनल चौबे को आगे आना पड़ा। इससे कांग्रेसी पार्षद संदीप साहू भड़क उठे। सदन में उत्पन्न अव्यवस्था को लेकर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर को महापौर मीनल चौबे से कहना पड़ा कि अपने सदस्य को कंट्रोल में रखें।

## पेज 11 के शेष ...

### 5 करोड़ में बनेगा महिला ...

मजबूती के उद्देश्य को पूरा करने महिला शांति गृह की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में घरेलू और सामाजिक दायित्वों के कारण महिलाओं पर मानसिक दबाव ज्यादा रहता है, जिससे उन्हें विश्राम और परामर्श की आवश्यकता होती है, इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर महापौर मीनल चौबे ने अपने बजट में इसके लिए 5 करोड़ की लागत से महिला शांति गृह निर्माण का प्रावधान किया है। इसके अलावा शहर में कामकाजी महिलाओं के लिए पंडरी और नरैया तालाब के पास वुमन हास्टल बनाया जाएगा। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा में शहर में सीवरेज की सफाई के लिए डेढ़ करोड़ की लागत से रोबोटिक सक्शन मशीन खरीदने का ऐलान किया गया है।

**शेरो शायरी से बजटः** अभिभाषण की शुरुआत करते हुए महापौर मीनल चौबे ने अपनी बात कुछ इस तरह कही- जीवन की ढलती शाम नहीं, यह संघर्षो का विराम नहीं, जो झुक जाए वह इंसान नहीं, जो रुक जाए वह तूफान नहीं। वर्तमान परिषद के बजट निर्धारण में हमने दोहरी चुनौतियो का सामना किया है। जहां एक ओर हमने पूर्ववर्ती सरकार के गफलत और दोषपूर्ण नीतियों को सुधारने में अपनी ऊर्जा लगाई, वहीं दूसरी ओर उन जन आकांक्षाओं के अनुरूप दीर्घकालीन अधोसंरचना तैयार कर हर वर्ग की खुशहाली के लिए योजना निर्धारण और क्रियान्वयन में अपनी शक्ति प्रदर्शित की है।

यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि रायपुर शहर को एक आधुनिक सक्षम और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने का रणनीतिक रोडमैप है। इसमें पूर्व की व्यवस्थाओं की खामियों को दूर करने के लिए एक नई तकनीक शामिल किया है। शहर के जल नेटवर्क में पारदर्शिता लाने के लिए पाइप लाइन का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में 70 फीसदी नेटवर्क डाटा का डिजिटल फार्मेट पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया से पुरानी लाइनों का रिकार्ड उपलब्ध होगा।

### शराब घोटाले में इस्तेमाल ...

था। इसीलिए उन दोनों डिस्टलरी की गाड़ियां जांच एजेंसी ने जब्त की है। विवेचना में यह पाया गया है कि अवैध शराब का परिवहन डिस्टलरियों से सीधे चयनित शासकीय देशी शराब दुकानों तक कराया जाता था। इस कार्य के लिए कुछ निर्धारित वाहनों का बार-बार उपयोग किया जाता था। जांच में प्राप्त साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर ऐसे वाहनों की डिस्टलरीवार पहचान की गई।

# वार्ड कांग्रेस कमेटी और बूथ कमेटी के गठन पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


कांग्रेसियों ने संगठन सृजन अभियान' के तहत अमलीडीह साहू भवन में सोमवार को आवश्यक बैठक हुई, जिसमें वार्ड कांग्रेस कमेटी व बूथ कमेटी के गठन पर चर्चा की गई।

साथ ही पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड 50, रानी दुर्गावती वार्ड 49, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड 52 के वार्ड अध्यक्ष का नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक में पंकज शर्मा एवं संत माता कर्मा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, ब्लॉक प्रभारी बाकर अब्बास, सहप्रभारी सागर तांडी, वरिष्ठ सह पर्यवेक्षक नवीन चंद्राकर, चंद्रहास निर्मलकर, सुरेश मसीह, चंपालाल देवांगन, महेंद्र कुमार सेन, नवीन चंद्राकर सहित कांग्रेस की वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

### राजेंद्र भारतीय भाषा संवर्धन सम्मान से हुए सम्मानित



रायपुर। राजस्थान दिवस पर राजस्थान क्लब रायपुर द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुए एक कार्यक्रम में सोमवार को राजेंद्र ओझा को भारतीय भाषा संवर्धन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि राजेंद्र भारत के लगभग सभी राज्यों की प्रमुख भाषाओं के अतिरिक्त वहां बोली जाने वाली बोलियों की पुस्तकें, पत्रिकाएं, कैलेंडर आदि एकत्रित कर भाषा-बोलियों को बचाने और सहेजने के क्षेत्र में बड़ा काम कर रहे हैं। इस अवसर पर लोकेश कावडिया, गिरीश पंकज, राजकुमार राठी, अनिल द्विवेदी, डॉ. मृणालिका ओझा, राजेश जैन राही, डॉ. लक्ष्मीनारायण लाहोटी, छबिलाल सोनी, ममता जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।















## खबर संक्षेप

### विधायक साहू देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात आज

**अभनपुर।** नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद, स्वच्छ भारत मिशन, मुक्तिधाम उन्नयन योजना सहित 37 विभिन्न



विकास कार्य लागत राशि 397.92 लाख का भूमि पुजन एवं 04 विकास कार्य लागत राशि 30.26 लाख का लोकार्पण, कुल 41 कार्य लागत राशि 428.18 का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, अध्यक्षता उत्रसेन गहिरवारे अध्यक्ष नगर पालिका अभनपुर, अति विशिष्ट अतिथि बलविंदर सिंह गाँधी उपाध्यक्ष नगर पालिका अभनपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुशीला हरिवंश सभापति लोक निर्माण नगर पालिका अभनपुर एवं समस्त माननीय पार्षद गण नगर पालिका अभनपुर की गरिमामय उपस्थिति में 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 2 बजे धीवर समाज भवन अभनपुर में सम्पन्न होगा।

### 22 विद्यार्थियों का चयन नवोदय व प्रयास में हुआ

**अभनपुर।** ग्राम सिवनी स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल एवं कोचिंग के कुल 22 मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अंबर सिंगोर, कनिका साहू, रुक्मणी अवधिया, वैभव कुमार कौशिक, चंद्रहास साहू, सुरभि रात्रे, कुशाग्र बिश्वास, नित्या साहू, डिंपल बंछोर, कुष्मिता पटेल, वाणी वर्मा, संस्कार सिन्हा, रणवीर निषाद, ओनिश साहू, देवांश निषाद, राजा धनकर, ओंकार धीवर, समीर मनहरे एवं नागेश रात्रे शामिल हैं। वहीं प्रयास विद्यालय के लिए राकेश साहू, प्रिया खंडेलवाल एवं ईशिका चतुर्वेदी का चयन हुआ है।

### दुकालू यादव का आज जागरण कार्यक्रम होगा

**आरंग।** शिवसेना आरंग विधानसभा द्वारा श्रीरामनवमी उत्सव के उपलक्ष्य में 31 मार्च को रात्रि 9 बजे धर्मनगरी आरंग में भव्य जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक दुकालु यादव द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे, जबकि अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार करेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आरंग नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने दी है। उन्होंने समस्त श्रीराम भक्तों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे पर एसआई भट्ट का स्वागत



**मंदिर हसौद।** नगर पालिका मंदिर हसौद के लाल और क्षेत्र के गौरव, योगेश भट्ट का पुलिस उपनिरीक्षक (SI) का कठिन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रथम बार गृह नगर आगमन पर नगर वासियों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और हर्ष का वातावरण रहा। नगर की सीमा पर पहुँचते ही वरिष्ठ जनों, व्यापारियों और युवा मित्रों ने पुष्पमालाओं और गाजे-बाजे के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और मिठाई बाँटकर अपनी खुशी जाहिर की। भावुक हुआ परिवारः अपने पुत्र को खाकी वर्दी में देख उनकी माता और परिवारजनों की आँखें खुशी से भर आईं। परिवार ने इस सफलता को वर्षों की कड़ी मेहनत और ईश्वर का आशीर्वाद बताया। योगेश भट्ट ने भी इस स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गाँव के बुजुर्गों के आशीर्वाद और अपनों के सहयोग के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। स्वागत के दौरान यहां उनकी माता मीना बाई, बड़े भाई मंजीत भट्ट, मित्र संदीप जोशी, अशोक वर्मा दिवाकर जांगड़े विनेश ढीढी पंकज बघेल सुजीत अनिल देवेंद्र राहुल राज अजय सुनील मनोहर व्यापारी गण सम्मिलित हुए।

# ब्रह्माकुमारीज सत्संग में महिलाओं ने जाना सात्विक रसोई से सुखी परिवार का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र तिल्दा में प्रेरणादायी आध्यात्मिक कार्यक्रम "सात्विक रसोई : सुखी परिवार" का आयोजन नगर पालिका तिल्दा की अध्यक्ष चन्द्र कला, डॉ. ज्योति वाधवा,भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं पार्षद बहन रानी जैन के विशेष उपस्थिति मे सप्न्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के साथ ब्रह्माकुमारीज बहनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया,।इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज प्रियंका महिलाओं को बताया कि घर की रसोई केवल भोजन बनाने का स्थान नहीं, बल्कि पूरे परिवार को सशक्त, स्वस्थ और सुखी बनाने का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा महिलाओं के हाथों में जो रसोई की शक्ति है, उसके माध्यम से वे अपने परिवार के स्वास्थ्य, मन और घर के वातावरण को सकारात्मक दिशा दे सकती हैं। शांत, प्रसन्न और सकारात्मक मन और भावना ,मानसिक अवस्था से तैयार किया गया भोजन का प्रभाव सीधे परिवार के सदस्यों के मन और व्यवहार पर पड़ता है। उनोने बताया कि हमारी रसोई केवल स्वाद का स्थान नहीं बल्कि स्वास्थ्य, संस्कार और ऊर्जा का केंद्र है। उन्होंने आयुर्वेद में बताए गए भोजन के तीन दोष जाती दोष, आश्रय दोष और निमित्त दोष को स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि इनका ध्यान न रखा जाए तो वही भोजन धीरे-धीरे रोगों का कारण बन सकता है।

## परिवार को सशक्त और सुखी बनाने का स्थान है रसोई : प्रियंका



### सराहनीय पहल

रानी जैन ने एक प्रेरणादायी कहानी के माध्यम से विषय को और स्पष्ट करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज तिल्दा द्वारा महिला दिवस को इतने सार्थक और ज्ञानवर्धक विषय से जोड़ना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को उनकी वास्तविक शक्ति का एहसास कराने वाला है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष ने भ सम्बोधित करते ,जीवन और परिवार की दिशा और दशा को ऊंचाइयों तक ले जाने की बात कही। इस मौके पर प्रियंका दीदी ने सुंदर कमेंट्री के माध्यम से उपस्थित सभी महिलाओं को यह अनुभव कराया कि किस प्रकार सकारात्मक भावनाओं और शुभ संकल्पों के साथ रसोई में भोजन बनाया जाए। उन्होंने बताया कि इस विषय को व्यावहारिक रूप से सीखने के इच्छुक लोगों के लिए 30 मार्च से ब्रह्माकुमारीज तिल्दा सेवाकेंद्र में एक निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया है।

## हादसा : छछान पहरी में बंजारी मंदिर के सामने हुआ भीषण हादसा

# आमने-सामने टकराई 2 बाइक मां के सामने बेटे ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा-समीपस्थ ग्राम छछान पहरी में सोमवार को बंजारी मंदिर के सामने तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकरा गईं।जिसमे बाइक चला रहे एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक लोकनाथ धीवर के साथ बाइक पर उनकी माँ बैठी हुई थी,बाइक टकराने के बाद वह दूर जा गिरी,। चोटिल होने के बावजूद मा ने उठकर पहले बेटे को उठाया लेकिन कुछ ही देर में उसने माँ के सामने दम तोड़ दिया। घटना तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक पलारी के रोहासी गाव के लोकनाथ धीवर अपनी बाइक क्रमांक CG 04 LT 5740 से अपनी मां के साथ तिल्दा भिभोरी की ओर आ रहा था। इसी बीचजब वो ग्राम छछान पहारी मुख्य सड़क पर स्थित बंजारी मंदिर के पास पहुंचा तो उसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार मोटर साइकिल क्रमांक CG 04 QP 8609 पर सवार 2 युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहा लोकनाथ गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया और साथ में पीछे बैठी उसकी माँ बाइक से उछलकर दो-तीन फीट दूर जा गिरी जिससे वह घायल हो गई।




### मामले की जांच जारी

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई देखते ही देखते घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच किसी ने एम्बुलेस को सुचना देकर पुलिस को खबर कर दी .एम्बुलेंस पहुचती उसके पहले स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई। लोगों की मदद से घायल युवक और उसकी माँ को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया,। जहां डॉक्टरों ने लोकनाथ धीवर को मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तत्काल चीर घर भेज दिया..पोस्टमार्टम के बाद में शव को उनके परिजनों को सौप दिया पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रामनवमी पर ग्राम रींवा में निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रविवार को ग्राम रीवा (लखौली) में भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। आयोजन समिति एवं धर्मप्रेमी सज्जनों के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभा यात्रा ने पूरे गांव को राममय कर दिया। शाम 5 बजे बजरंग चौक, पोराभांठा से जैसे ही भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ यात्रा का श्रीगणेश हुआ, समूचा वातावरण केसरिया रंग में रंग गया। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण मयूर म्यूजिक प्रोफेशनल द्वारा प्रस्तुत भक्ति संगीत और हाई-टेक डीजे रहा, जिसकी धुनों पर युवा और बुजुर्ग समान रूप से थिरकते नजर आए। पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजा थामे "जय श्रीराम" के नारे लगा रहे थे, जिससे गांव की गलियां और मुख्य मार्ग भक्ति के रस में सराबोर हो उठे। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द और अटूट आस्था की अनूठी मिसाल पेश हुई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति के बावजूद पूरी शोभा यात्रा अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। देर शाम तक चले इस उत्सव में महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। आयोजन की सफलता पर समिति के पदाधिकारियों ने समस्त ग्रामवासियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस गरिमामय आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ाया, बल्कि पूरे ग्राम में एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित किया।

# महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भविष्य भव्य यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

भगवान महावीर के 2625 वे जन्मकल्याणक पर जैन समाज ने सोमवार को भव्य उत्सव मनाया। सुबह मंदिर में श्री जी का मस्तिकाभिषेक हुआ, और भगवान को पालने में सुलाया गया। समाज की महिलाओं ने मंगल गीत गाए उसके बाद विमान जी में भगवान को विराजित कर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई।जैन मंदिर से बाजे गाजे जे के साथ निकली शोभायात्रा शहर का भ्रमण कर मंदिर में आकर समाप्त हुई.। यात्रा में सबसे आगे युवा जैन ध्वज लेकर चल रहे थे और इसमें शामिल समाज के लोग बैंड की धुन पर भजन गाते कुंडलपुर में बधाई की नगरी में वीर जन्मे महावीर आदि गाते हुए चल रहे थे। पीछे विमांन जी में विराजित अहिंसा के अवतार भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी। इस दौरान शोभायात्रा का कई जगहों पर स्वागत किया गया। 10 पक्ष मंदिर जी में आकर के भगवान जी का पूजन अभिषेक किया गयादोपहर को भोजन भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन के रूप में प्रसादी ग्रहण किया। शाम को जैन मंदिर में भगवान की महा आरती की गई। शोभा यात्रा में अशोक जैन, नरेंद्र मुन्ना जैन, मंगलचंद जैन ,सुदेश जैन, सौरभ जैन, राजेश जैन, राकेश जैन, शैलेश जैन, प्रफुल्ल जैन, गौरव जैन ,निखिल जैन, पार्षद रानी सौरभ जैन, नितेश जैन,राहुल जैन,अनीता,मीना जैन,किरन जैन,मीना जैन,नेहा जैन ,निशा जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए

# हीरालाल कालेज में हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शासकीय हीरा लाल महाविद्यालय अभनपुर के भूगोल विभाग द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल) डॉ टीएल वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रयोग विषय पर विस्तृत एवं प्रेरक उद्बोधन देते कहा कि मातृभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना इस नीति का महत्वपूर्ण पहलू है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, बढ़ते नगरीकरण, औद्योगीकरण, प्रदूषण एवं जनसंख्या जैसे मुद्दों पर भी नई शिक्षा नीति में विशेष ध्यान दिया गया है।

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नई शिक्षा नीति के पांच स्तंभ—शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं समावेशन—की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संध्या विश्वकर्मा, डॉ. मल्लिका सूर, डॉ. मंजू ताम्रकार, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. दीपा चतुर्वेदी, डॉ. योगेंद्र सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग पर एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

कांग्रेस की छात्र इकाई एन.एस.यू.आई छत्तीसगढ़ के आव्हान पर सोमवार को NSUI द्वारा छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल के नाम सत्यनारायण अग्रवाल कला एवं वाणिज्य महाविधालय कोहका तिल्दा नेवरा के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। एन.एस.यू.आई छत्तीसगढ़ खेल विभाग के चेयरमैन अनिल सिंह ने कहा की छात्र हितों की रक्षा और उनके अधिकारों को मजबूत बनाने के लिए छात्रसंघ चुनाव अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने से विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव नेतृत्व विकास, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ को मजबूत करने का अहम माध्यम है। चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से शासन-प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। छात्रसंघ चुनाव केवल एक



औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है. चुनाव के जरिए छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है, जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है और बौद्धिक विकास को भी प्रोत्साहन मिलता है.साथ ही, छात्रों को अपनी समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से रखने का मंच भी मिलता है. ज्ञापन में एनएसयूआई ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने और चुनाव कार्यक्रम जल्द घोषित करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए गए, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अनिल सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल को एन.एस.यू.आई छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का घेराव किया जायेगा इसी कड़ी में रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का भी घेराव किया जायेगा।राज्यपाल के नाम सौपे गए ज्ञापन में 5 सूत्रीय मांग शामिल है .

इस मौके पर एन.एस.यू.आई छत्तीसगढ़ खेल विभाग के चेयरमैन अनिल सिंह, एन.एस.यू.आई छात्र नेता विक्रम वर्मा , हर्ष यादव, संजय चक्रधारी, हिमांशु तिवारी, तरुण अग्रवाल, मनीष वर्मा, कुनाल चौबे, अमन वर्मा,गुलशन साहू, अभिषेक चक्रधारी, विकी चक्रधारि , रवि वर्मा, देवेंद्र,भूपेश आदि उपस्थित थे।

### छात्रसंघ चुनाव से लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुभव मिलता है

आरंग। प्रदेश मे छात्रसंघ चुनाव फिर से शुरू कराने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार, आरंग विधानसभा एनएसयूआई के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन शासकीय बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग के प्रभारी प्राचार्य को दिया गया। ज्ञापन सौंपने के बाद विधानसभा अध्यक्ष अजीत कोसले ने कहा कि पिछले कई वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। इससे छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव न कराकर छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे संगठन अब बर्दाश्त नहीं करेगा। छात्र संघ चुनाव केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह छात्रों के अधिकार, सम्मान और भागीदारी की बुनियाद है। इसके माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुभव मिलता है। वर्तमान में चुनाव न होने से छात्रों की समस्याएं प्रशासन तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रही हैं।एनएसयूआई ने राज्य सरकार से मांग की है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल चुनाव बहाली के निर्देश जारी किए जाएं।

## पेज 11 के शेष ...

### प्रश्नकाल में नेता प्रतिपक्ष ...

सभापति सूर्यकांत राठौर ने इस पर साफ मनाही करते हुए उन्हें कहा कि प्रश्नकाल में पूछे गए प्रश्न का जवाब संबंधित विभाग के भारसाधक सदस्य को ही देना है , कोई तीसरा इसका जवाब नहीं दे सकता। इस बात को लेकर महापौर मीनल चौबे भड़क उठी। इससे कुछ देर के लिए सदन में हंगामा मच गया। प्रश्नकाल में पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण पर नोटिस तो दिया जाता है, पर कार्रवाई नहीं होती है।

### विपक्ष ने सुर मिलाया- वादा ...

स्लोगम वाली तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे और गाना भी गाया। इससे सदन की कार्यवाही में बाधा होने पर सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें टोका। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के पार्षद भी अपनी सीट छोड़ डायस के सामने जमा हो गए और विपक्षी पार्षदों के सामने नारेबाजी करने लगे। सभापति का कहना था कि सदन में तख्तियां लेकर आना प्रतिबंधित है, पहले तख्तियां वापस रखी जाएं, तभी कार्यवाही शुरू होगी। इस बीच पंद्रह मिनट तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, संदीप साहू, जयश्री नायक, अर्जुमन ढेबर, रेणु साहू, दीप-मनीराम साहू ने सभापति से मांग की कि पहले सदन में अधूरे वादों पर चर्चा हो, तभी तख्तियां वापस रखी जाएंगी। सभापति और एमआईसी सदस्य में जमकर तकरार : प्रश्नकाल से पहले नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर और एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा के बीच जमकर तकरार हुई। मनोज वर्मा ने सभापति से कहा कि आपने बिना सदन को सूचित किए सदन की कार्यवाही रोक कर चले गए। हंगामा करने वाले कांग्रेसी पार्षदों पर कारवाई क्यों नहीं कर रहे? इससे बिफरे सभापति सूर्यकांत राठौर ने उन्हें जवाब दिया कि अपना काम मैं बखूबी जानता हूं, मैंने सदन की गरिमा का ध्यान रखते हुए कार्यवाही बाधित होने पर 15 मिनट के लिए सदन को स्थगित करने की घोषणा की थी, आप नहीं सुन पाए इसमें मेरी गलती नहीं है। श्री राठौर ने कहा कि विपक्ष के किस सदस्य पर एक्शन लेना है यह उन्हें पता है। यह पहला मौका नहीं है जब सामान्य सभा की बैठक शुरू होने से पहले सदन में विपक्षी दल ने जन समस्याओं को लेकर नारेबाजी की हो। सदस्यों को पनिशमेंट मेरे विवेक पर छोड़ दें। कुल मिलाकर सभापति और एमआईसी सदस्य के बीच बहस को सुलझाने महापौर मीनल चौबे को आगे आना पड़ा। इससे कांग्रेसी पार्षद संदीप साहू भड़क उठे। सदन में उत्पन्न अव्यवस्था को लेकर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर को महापौर मीनल चौबे से कहना पड़ा कि अपने सदस्य को कंट्रोल में रखें।

### 5 करोड़ में बनेगा महिला ...

मजबूती के उद्देश्य को पूरा करने महिला शांति गृह की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में घरेलू और सामाजिक दायित्वों के कारण महिलाओं पर मानसिक दबाव ज्यादा रहता है, जिससे उन्हें विश्राम और परामर्श की आवश्यकता होती है, इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर महापौर मीनल चौबे ने अपने बजट में इसके लिए 5 करोड़ की लागत से महिला शांति गृह निर्माण का प्रावधान किया है। इसके अलावा शहर में कामकाजी महिलाओं के लिए पंडरी और नरैया तालाब के पास वुमन हास्टल बनाया जाएगा। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा में शहर में सीवरेज की सफाई के लिए डेढ़ करोड़ की लागत से रोबोटिक सक्शन मशीन खरीदने का ऐलान किया गया है। शेरो शायरी से बजट अभिभाषण की शुरुआत करते हुए महापौर मीनल चौबे ने अपनी बात कुछ इस तरह कही- जीवन की ढलती शाम नहीं, यह संघर्षो का विराम नहीं, जो झुक जाए वह इंसान नहीं, जो रुक जाए वह तूफान नहीं। वर्तमान परिषद के बजट निर्धारण में हमने दोहरी चुनौतियो का सामना किया है। जहां एक ओर हमने पूर्ववर्ती सरकार के गफलत और दोषपूर्ण नीतियों को सुधारने में अपनी ऊर्जा लगाई, वहीं दूसरी ओर उन जन आकांक्षाओं के अनुरूप दीर्घकालीन अधोसंरचना तैयार कर हर वर्ग की खुशहाली के लिए योजना निर्धारण और क्रियान्वयन में अपनी शक्ति प्रदर्शित की है। यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि रायपुर शहर को एक आधुनिक सक्षम और स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने का रणनीतिक रोडमैप है। इसमें पूर्व की व्यवस्थाओं की खामियों को दूर करने के लिए एक नई तकनीक शामिल किया है। शहर के जल नेटवर्क में पारदर्शिता लाने के लिए पाइप लाइन का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में 70 फीसदी नेटवर्क डाटा का डिजिटल फार्मेट पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया से पुरानी लाइनों का रिकार्ड उपलब्ध होगा।

### शराब घोटाले में इस्तेमाल मदिरा ...

था। इसीलिए उन दोनों डिस्टलरी की गाड़ियां जांच एजेंसी ने जब्त की है। विवेचना में यह पाया गया है कि अवैध शराब का परिवहन डिस्टलरियों से सीधे चयनित शासकीय देशी शराब दुकानों तक कराया जाता था। इस कार्य के लिए कुछ निर्धारित वाहनों का बार-बार उपयोग किया जाता था। जांच में प्राप्त साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर ऐसे वाहनों की डिस्टलरीवार पहचान की गई।

## सूचना

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

प्रति,
(आवेदक)
श्री/श्रीमती नितिन कालिया/ कस्तूरी लाल शर्मा
**(संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी)**
श्री/श्रीमती नवीन कालिया/कस्तूरी लाल शर्मा रायपुर
श्रीमती कंचन शर्मा/रामप्रकाश रायपुर
श्रीमती सुधा/प्रीतम सिंह रायपुर
श्रीमती जानकी जौ. कस्तूरी लाल रायपुर
श्री राहूल नेभवानी/लक्ष्मण नेभवानी रायपुर
श्री पवन कुमार अग्रवाल/देवकीनंदन अग्रवाल रायपुर

विषय- सीमांकन के संबंध में स्थल पर उपस्थित बावत्।
**संदर्भ-** न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक Q दिनांक 16/02/2026 के अनुसार।

आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के आवेदित खसरा नंबर 756/1 रकबा 0.29 हे. का सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय/अ.वि.अ कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 06/04/2026 को समय 02 बजे सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजों सहित स्थल पर उपस्थित होवें।

उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन के पूर्व संबंधित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर**

## आम सूचना

**जारी दिनांक 16/02/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नितिन कालिया पिता/पति कस्तूरीलाल कालिया निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 756/1 रकबा 0.29 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 16/02/2026 के परिपालन में दिनांक 06/04/2026 को समय 2 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के कुरूद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**(राजस्व निरीक्षक)**
**मंदिर हसौद**

## खबर संक्षेप



### संत कंवरराम वर्सी महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** संत कंवरराम परमार्थ सेवा समिति और शंकरनगर, शांतिनगर पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में आगामी मई माह में संत कंवरराम वर्सी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जहां कई कमेटियों का गठन किया गया और रूपरेखा निर्धारित की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में शाम 4 से 5 बजे अन्नदान योजना के तहत 100 निर्धन परिवारों को अन्न वितरित किया जाएगा। साथ ही शाम 5 से 6 बजे छायागीत म्यूजिक ग्रुप की संगीत प्रस्तुति होगी। इसके अलावा कई कार्यक्रम किए जाएंगे। सम्मान समारोह 9 से 10 बजे भजन कीर्तन, पल्लव, प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। बैठक में वासुदेव जीवन, अमरदास खट्टर, पवन प्रीतवानी, राजकुमार सोनी, बाशाराम बजाज, सतीश भागवानी, रतन लीलानी, महिला शक्ति से सुनीता छबलानी, वीना लालवानी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# दो माह पहले पकड़ा गया था केरला कैफे से 10 कट्टा पीडीएस चावल, जांच अब तक पूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की प्रोफेसर कालोनी स्थित केरला कैफे से खाद्य विभाग ने दो महीने पहले 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्त किया था। इस चावल को कैफे प्रबंधक द्वारा किसी पीडीएस दुकान से खरीदना बताया गया था। खाद्य विभाग ने इस मामले को जांच में लिया था, लेकिन इन दो महीनों में अब तक विभाग के इंस्पेक्टर यह पता नहीं कर पाए हैं कि आखिकर पीडीएस चावल को किस दुकानदार ने बेचा था। इस मामले में कैफे का संचालन करने वालों के विरुद्ध भी कोई प्रकरण नहीं बनाया गया है, क्योंकि पीडीएस का चावल खरीदना भी अपराध है।

**अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता ने उजागर किया था मामला :** प्रोफेसर कालोनी स्थित कैफे द्वारा पीडीएस चावल की खरीदी करने का मामला अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग के प्रदेश प्रवक्ता अफरोज ख्वाजा ने उजागर किया था। उन्होंने एक सूचना के आधार पर पीडीएस चावल से भरा एक ऑटो रिक्शा का पीछा करते हुए उसे केरला कैफे में ले जाते पकड़ा था। ऑटो चालक ने कैफे में 10 कट्टा पीडीएस चावल उतारा। इसी दौरान अफरोज ख्वाजा ने इसका विडियो बनाकर इसकी सूचना पुलिस और खाद्य विभाग को दी थी। इसके बाद मौके पर पुलिस के अलावा खाद्य विभाग की इंस्पेक्टर सरिता अग्रवाल भी पहुंची थी। इंस्पेक्टर ने इस दौरान पीडीएस चावल को जब्ती बनाने की कार्रवाई भी किया था, साथ ही मामले में प्रकरण बनाकर इसकी जांच करने की बात कही थी।



### अब तक जांच नहीं की गई

केरला कैफे से 10 कट्टा पीडीएस चावल जब्ती के मामले में अब तक जांच नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत होता है मामले को दबा दिया गया है।

- **अफरोज ख्वाजा,** प्रदेश प्रवक्ता अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण आयोग

### दो महीने में जांच नहीं

पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का उजागर हुए इस मामले को अब दो महीने हो चुके हैं। इसके बाद भी इस मामले में अब तक न ही केरला कैफे का संचालन करने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है, और ना ही उस सहकारी पीडीएस दुकान का पता लगाया जा सका है, जहां से यह पीडीएस चावल खरीदा गया था।

### इडली-दोसा बनाने में किया जाता है इस्तेमाल

बताया जा रहा है कि पीडीएस चावल का इस्तेमाल इडली, दोसा बनाने में भी किया जाता है। केरला कैफे में भी इडली-दोसा बनाया जाता है। संभावना यहीं जताई गई थी, इस कैफे में भी इडली एवं दोसा के लिए पीडीएस चावल का ही इस्तेमाल किया जाता है।

### पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री जारी

पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का कारोबार जिले में भी जमकर चल रहा है। केरला कैफे में पकड़ाया 10 कट्टा पीडीएस चावल भी इसका एक उदाहरण है। इससे पहले कई राशन दुकानों में पीडीएस चावल के बदले हितग्राहियों को पैसे देने के मामले सामने आ चुके हैं।

# जनगणना में फील्ड ट्रेनिंग का काम खत्म, 100 मास्टर ट्रेनर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राष्ट्रीय जनगणना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अधिकारिक सूत्र के अनुसार फील्ड ट्रेनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत सबसे पहले जनगणना के लिए 100 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। इन मास्टर ट्रेनरों को जनगणना की प्रक्रिया, सर्वेक्षण का तरीका, डेटा संकलन और दायित्वों की जानकारी विस्तार से जानकारी दी गई। ये मास्टर ट्रेनर अब पर्यवेक्षकों और जनगणना ड्यूटी में लगे अन्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे। पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग का काम 8 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जो 24 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 1 से 31 मई तक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य होगा। इसके तहत प्रत्येक भवन, उसमें मकानों की संख्या, उनका उपयोग आदि जानकारी एकत्र की जाएगी।

- 8 से 24 अप्रैल तक पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

### 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण का कार्य



### 180-200 भवनों के पीछे एक प्रगणक नियुक्त

जानकारी के अनुसार 180 से 200 भवनों पर एक प्रगणक नियुक्त किया जाएगा। यानी भवनों का सर्वे और मकानों की सूची बनाने का कार्य प्रगणक के नेतृत्व में पूर्ण होगा। इस प्रगणक के अधीन लगभग 700 से 800 कर्मचारियों का दल रहेगा, जो जनगणना का कार्य करेंगे।

### 33 प्रश्न पूछे जाएंगे

भवन और मकानों की सूचीकरण का कार्य पूर्ण होने बाद जनगणना के दौरान मकान मालिकों से करीब 33 सवाल पूछे जाएंगे। लोगों को बताना होगा कि उनके मकान की छत, फर्श, दीवार किस सामग्री से बनी है। रेडियो, टीवी और इंटरनेट जैसी सुविधाएं हैं या नहीं, घर में कितने लोग रहते हैं, कौन-कौन सी गाड़ियों का उपयोग करते हैं, बिजली-पानी की सुविधा है या नहीं, किचन में खाना बनाने के लिए क्या यूज करते हैं। लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल, स्मार्टफोन चलाते हैं में क्या-क्या उपयोग करते हैं, जैसे कई प्रश्न शामिल हैं।

### जनगणना के लिए 4440 प्रगणक एवं 789 पर्यवेक्षक बनाए गए


अधिकारिक सूत्र के अनुसार 8 ग्रामीण तहसील, नगर निगम रायपुर एवं नवा रायपुर का एक क्षेत्र मिलाकर कुल 21 क्षेत्रों के लिए 4440 प्रगणक एवं 789 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी जनगणना के लिए लगाई गई है। पूरे जिले के अनुसार इनकी संख्या और ज्यादा है। प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक चार्ज अधिकारी नियुक्ति किया है। इसके अनुसार 21 क्षेत्रों में 21 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिले के अनुसार चार्ज क्षेत्र और अधिकारियों की संख्या भी ज्यादा है।







महावीर जयंती जैन धर्म के सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह दिन भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, जिन्होंने मानव जीवन को सत्य, अहिंसा और करुणा का मार्ग दिखाया। उनका जन्म लगभग 599 ईसा पूर्व वैशाली (बिहार) में हुआ था। बचपन से ही महावीर स्वामी का स्वभाव शांत और दयालु था। उन्होंने संसार के दुखों को देखकर राजसी जीवन का त्याग कर तपस्या का मार्ग अपनाया और आत्मज्ञान प्राप्त किया।
भगवान महावीर ने लोगों को सिखाया कि हमें किसी भी जीव को कष्ट नहीं देना चाहिए और हमेशा सत्य और अहिंसा का पालन करना चाहिए। उनके उपदेश आज भी समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। महावीर जयंती के दिन जैन मंदिरों को सजाया जाता है, प्रभात फेरी निकाली जाती है और भगवान महावीर की शोभायात्रा भी निकाली जाती है। लोग पूजा-अर्चना करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।
यह पर्व हमें प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है। महावीर जयंती हमें सिखाती है कि यदि हम अपने जीवन में सत्य, अहिंसा और सदाचार को अपनाएं, तो समाज और देश दोनों सुखी और समृद्ध बन सकते हैं। इसलिए यह दिन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा और आस्था का प्रतीक माना जाता है।





















कुंवरगढ़ महोत्सव
कुंवरगढ़ महोत्सव 2026
मान. अनुज शर्मा
विधायक धरसीवां
31 मार्च से 02 अप्रैल
में आप सभी का
हार्दिक स्वागत!
अभिनंदन
गोविंद साहू
अध्यक्ष नगर पंचायत कुंरा
मनमोहन (पप्पु) ध्रुव
समाज सेवक
श्रीमती संगीता ध्रुव
सरपंच - ग्राम पंचायत चरोदा


कुंवरगढ़ महोत्सव
कुंवरगढ़ महोत्सव 2026
31 मार्च से 02 अप्रैल
माननीय मुख्यमंत्री
एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत
अभिनंदन
सुधीर दुबे पूर्व सांसद प्रतिनिधि


कुंवरगढ़ महोत्सव
कुंवरगढ़ महोत्सव 2026
31 मार्च से 02 अप्रैल
में आप सभी का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
गोविंद साहू
अध्यक्ष नगर पंचायत कूंरा
प्रस्तुति : हेमंत वर्मा, संवाददाता, हरिभूमि / आई.एन.एच. न्यूज धरसीवां, मो. 916577445

# बारनवापारा के बाद अब गोमर्डा अभयारण्य काले हिरण से होगा गुलजार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

राज्य के वनों से विलुप्त हो चुके शेड्यूल-1 प्रजाति के काले हिरण को एक बार फिर रीएंट्रोड्यूज किया जा रहा है। इसी कड़ी में बारनवापारा के रेस्क्यू सेंटर से 34 काले हिरण को उनके प्राकृतिक रहवास केंद्र में छोड़ा गया है।

इस अभयारण्य में पूर्व में छोड़े गए 90 काले हिरण की संख्या बढ़कर 170 हो गई है। बारनवापारा के बाद अब सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में काले हिरण छोड़े जाने की तैयारी चल रही है। इसकी पुष्टि पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय ने भी की है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ के अनुसार बारनवारपारा में इस वर्ष 60 ब्लैकबक पुनर्स्थापना का लक्ष्य रखा गया है, उनमें पहली खेप में 34 काले हिरण को उनके प्राकृतिक रहवास केंद्र में छोड़ा गया है। अन्य 26 काले हिरण आने वाले दिनों में छोड़े जाएंगे। अफसर के अनुसार काले हिरण की स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी तरह से वैज्ञानिक तकनीकों का पालन करते हुए निष्पादित की गई, जिससे बिना किसी व्यवधान के ही हिरणों को वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। छोड़े गए हिरण रामपुर ग्रासलैंड में निवासरत काले हिरणों से जाकर मिल गए। अफसर के अनुसार काले हिरणों के इस नए समूह से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और वन विभाग आने वाले दिनों में इनकी निरंतर निगरानी करेगा।

- बारनवापापारा में छोड़े गए 34 काले हिरण
- गोमर्डा में मानसून सीजन में छोड़े जाएंगे काले हिरण





## गोमर्डा में काले हिरण कुलाचे मारते दिखेंगे

*जैव विविधता से परिपूर्ण ओडिशा, महासमुंद तथा बलौदाबाजार से सटे गोमर्डा अभयारण्य में इस साल मानसून में 30 के करीब काले हिरण छोड़ने विचार किया जा रहा है। राज्य के सबसे बड़े ग्रास लैंड वन में शामिल गोमर्डा अभयारण्य में काले हिरण छोड़े जाने की स्थिति में काले हिरणों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। गोमर्डा अभयारण्य में वर्तमान में हजारों की संख्या में हर्बिबोर वन्यजीव विचरण कर रहे हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को दिन के समय भी चीतल के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीव आसानी से विचरण करते दिख जाते हैं।*

## खबर संक्षेप



### 8 हजार से अधिक करदाताओं ने जमा कराए प्रापर्टी टैक्स

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के सभी दस जोनों के राजस्व विभागों में संपत्ति कर अदा करने सोमवार को करदाताओं की भीड़ जोन कार्यालयों में देखी गई। सुबह 10 बजे से देर शाम तक लोग प्रापर्टी टैक्स जमा करने काउंटरों पर मौजूद रहे। 30 मार्च को सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक नगर निगम राजस्व विभाग को 8,768 संपत्ति करदाता नागरिकों ने 9 करोड़ 58 लाख 61442 रूपये संपति कर जमा कराया। 31 मार्च को संपत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है. 31 मार्च के अंतिम दिवस तक टैक्स जमा नहीं कर पाने वाले नागरिकों से 1 अप्रैल से 17 प्रतिशत अधिभार सहित राजस्व वसूली की जाएगी।

### ट्रांसजेंडरों ने किया नए कानून का विरोध रैली निकाली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ट्रांसजेडर समुदाय ने संसद में पास नए कानून का विरोध किया है। समुदाय की अगवाई कर रही राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर परिषद के पूर्वी जोन की सदस्य विद्या राजपूत और रविना बरिहा ने बताया कि उन्हें सबसे अधिक आपत्ति नए कानून की धारा 18 पर है। विद्या और रवीना ने मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराए जाने की अनिवार्यता का भी विरोध किया। रविना बरिहा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस संविधान विधेयक पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ खुला संवाद स्थापित किया जाए। ट्रांसजेंडरों ने नए कानून के विरोध में सोमवार को राजधानी में शाम के समय सप्रे स्कूल से प्रेस क्लब तक विरोधी रैली निकाली।

### मुख्य डाकघर में बीएसएनएल के सिम कार्ड-रीचार्ज सुविधा शुरू



**रायपुर।** इंडिया पोस्ट अंतर्गत रायपुर जीपीओ मुख्य डाकघर रायपुर में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सेवा का उद्घाटन किया गया। रायपुर जीपीओ में डाक सेवाओं के साथ-साथ अब बीएसएनएल के सिम कार्ड भी उपलब्ध रहेंगे। इस सेवा के माध्यम से लोग बीएसएनएल के नए प्रीपैड सिम कार्ड एवं मोबाइल सिम रीचार्ज जैसी सुविधाएं मिलेगी। यह सुविधा डिजिटल इंडिया मिशन को सशक्त बनाने की दिशा में शुरू किया है। इस सुविधा का शुभारंभ निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल दिनेश कुमार मिस्त्री ने किया। इस अवसर पर बीएसएनएल रायपुर के डीजीएम वाई.पी. सिंह एवं एजीएम मिलिंद उपासनी एवं प्रवर अधीक्षक डाकघर एच.के.महावर सहित डाक विभाग एवं बीएसएनएल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सामान्य सभा में प्रश्न शामिल नहीं किए जाने और राशन कार्ड, पट्टा वितरण को लेकर हंगामा

# तकरार और नोक-झोंक से शुरू हुई सामान्य सभा, बजट में ओवरब्रिज सहित 10 सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी चुनावी शंखनाद से करीब चार महीने पहले महापौर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की रूपरेखा स्पष्ट करने के लिए बिरगांव निगम की सामान्य सभा में बजट प्रस्तुत करने से पहले सभी का स्वागत किया। इसके बाद पार्षद इस बात को लेकर बिफरे कि उनके प्रश्न को प्रशासनिक व्यवस्था में त्रुटि के चलते शामिल ही नहीं किया गया। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तकरार इस कदर बढ़ी कि सदन से पहली बार जन प्रतिनिधियों ने किसी विषय की नाराजगी जताने के लिए 30 मिनट के लिए बहिर्गमन किया। इससे चर्चा का सिलसिला करीब एक बजे से शुरू हुआ। इसके बाद महापौर नंदलाल देवांगन ने 10 लाख से ज्यादा मुनाफे का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

बिरगांव निगम की सामान्य सभा में सभापति के रूप में दायित्व निभाते हुए सभापति कृपाराम निषाद भी अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने कई मामलों में सत्ता और विपक्ष के बीच हस्तपक्षेप भी किया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद सहित विधायक प्रतिनिधि भीखम देवांगन से भी वार्ड प्रतिनिधियों से संवाद की स्थिति बनी। इस बीच में निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा ने प्रश्न को नहीं शामिल किए जाने की स्थिति को स्पष्ट किया। इसके बाद नए राशन कार्ड बनाने पर रोक, गरीबों को पट्टा वितरण में की जा रही देर और पेयजल जैसे मुद्दों को लेकर पार्षद एवज देवांगन, ओमप्रकाश साहू ही नहीं, इकराम भी सदन में आपस में संवाद करने लगे। तब सभापति ने अनुशासन बनाने की अपील करते हुए चर्चा शुरू करवाई। मुख्य अभियंता डीएल देवांगन ने सामान्य सभा संचालन में प्रशासनिक सहयोग दिया।





### निगम में प्रस्तुत बजट के मुख्य आंकड़े

- कुल अनुमानित आय 158 करोड़ 19 लाख 47 हजार
- कुल अनुमानित व्यय 158 करोड़ 08 लाख 58 हजार अनुमानित लाभ 10 लाख 89 हजार
- कुल राजस्व आय 37 करोड़ 64 लाख 02 हजार
- कुल राजस्व व्यय 37 करोड़ 59 लाख 64 हजार
- कुल पूंजीगत आय 120 करोड़ 55 लाख 44 हजार
- कुल पूंजीगत व्यय 120 करोड़ 48 लाख 94 हजार

### महापौर ने बजट में की 10 बड़ी घोषणाएं

*कुल 158.19 करोड़ की आय और 158.08 करोड़ के व्यय सहित 10.89 लाख रुपए लाभ का बजट पेश किया। इसमें निगम क्षेत्र के 40 वार्डों की जनता के लिए कई सुविधाओं का दावा है। इसमें बाईपास रोड व नाला बनाने के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत 43 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पेयजल के लिए 02 नई टंकियों के निर्माण और पाइप लाइन विस्तार के लिए 20 करोड़ आवंटित करने का लक्ष्य तय किया है। बंजारी माता मंदिर, व्यास तालाब तिराहा और वीनू पेट्रोल पंप के पास ओवब्रिज बनाने के लिए 9 करोड़ का प्रावधान किया है। आगामी वर्ष में जल संकट दूर करने और जल आवर्धन योजना पर 7 करोड़ व्यय और प्रधानमंत्री आवास योजनाः मोर जमीन मोर मकान 2.0 के तहत 1408 आवासों की स्वीकृति है। प्रोत्साहन राशि में वृद्धि का लाभ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों को देने 1500 से 2000 प्रोत्साहन राशि देने के लिए प्रस्ताव बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0: मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी और शौचालय निर्माण के लिए 6.32 करोड़ तय किया है। सड़क और नाली बनाने के लिए 11 करोड़ सहित तालाब सौदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया है।*

# प्रदेश के 250 महाविद्यालयों में छात्रों ने एक साथ दर्ज कराया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग, 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विवि एक साथ घेरेगी एनएसयूआई

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदेशभर में एनएसयूआई का चरणबद्ध आंदोलन जारी हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को प्रदेश के लगभग 250 महाविद्यालयों में एक साथ राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

राजधानी रायपुर में महंत कॉलेज में ज्ञापन दिया गया। संगठन ने आगामी 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एक साथ घेराव की घोषणा की है, जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ छात्र भी शामिल होंगे। संगठन का कहना है, वर्तमान में छात्रों की कई समस्याएं गंभीर बनी हुई हैं। लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की आवाज दब रही है। लगातार बढ़ती फीस से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। गरीब छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई संस्थानों में लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

### जवाबदेही सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण

रायपुर में प्रदर्शन प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में हुआ। एनएसयूआई ने कहा, छात्र संघ चुनाव शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए छात्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है और उन्हें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का अनुभव एवं अभ्यास करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करते हैं तथा छात्र हितों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हैं। इस दौरान अमित शर्मा, हेमंत पाल, वैभव मुंजेवार, पुनेशर लहरे, अंकित शर्मा, प्रियांशु सिंह, विनायक तिवारी समेत महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कारोबारी के घर से 17 लाख रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






- अज्ञात चोर ने सुमित ज्वेलर्स के संचालक के घर की चोरी

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कटोरातालाब निवासी कारोबारी के घर से अज्ञात चोर 17 लाख रुपए चोरी कर ले गया। कारोबारी के घर में चोरी तब हुई, जब परिवार के पूरे सदस्य उपस्थित थे। चोरी की घटना में पुलिस को घर में काम करने वाले किसी कर्मचारी का हाथ होने की आशंका है। कारोबारी के घर तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोरी की पड़ताल कर रही है। चोरी की घटना सुमित ज्वेलर्स और शुभम-के मार्ट के संचालक नमित कांकरिया के घर हुई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि व्यवसाय से संबंधित 17 लाख रुपए नकद उन्होंने घर की अलमारी में रखे थे। चोरी की घटना रविवार सुबह 11 बजे के बाद की है। कारोबारी के अनुसार घटना दिनांक को सुबह करीब 11 बजे तक रकम सुरक्षित थी, लेकिन दोपहर करीब 2:30 बजे जब कारोबारी ने आलमारी खोलकर देखा, तो आलमारी से रकम गायब थी। रकम को लेकर कारोबारी ने घर के सदस्यों से पूछताछ की, तो घर के सदस्यों ने नकदी को लेकर अनभिज्ञता व्यक्त की। इसके बाद घर में काम करने वाले कर्मचारियों और परिचितों से भी पूछताछ की गई। रकम के बारे में किसी तरह से सुराग नहीं मिलने पर कारोबारी ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई।

# नशामुक्ति केंद्र में आदिवासी युवक की लोहे के पाइप से पिटाई का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- केंद्र संचालिका के बेटे पर मारपीट करने का आरोप

पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा स्थित साहस नशा मुक्ति केंद्र में नशा छुड़ाने भर्ती एक आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई करने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। मारपीट का वीडियो पांच माह पूर्व अक्टूबर का बताया जा रहा है। युवक की पिटाई करने का आरोप नशा मुक्ति संचालिका के बेटे पर है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस नशा मुक्ति केंद्र की संचालिका के बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

मारपीट की घटना ओडिशा, उमरकोट निवासी अंकुर मांझी के साथ अनिकेश शर्मा ने की है। अंकुर को उसके परिजनों ने नशा छुड़ाने सितंबर-अक्टूबर 2025 में भर्ती कराया था। बताया जा रहा है, भर्ती होने के कुछ दिनों बाद ही अंकुर के साथ मारपीट हुई थी, लेकिन यह मामला दब गया था। पिछले महीने फरवरी में अंकुर घर पहुंचा, तो उसकी हालत देखकर माता-पिता को घटना की जानकारी मिली। मारपीट से अंकुर की पीठ और गर्दन की चमड़ी छिल गई थी। वह बुरी तरह डरा हुआ था। परिजनों ने उसे डॉक्टरों को दिखाया, तो डॉक्टरों ने मारपीट होने की वजह से उसे मानसिक बीमार बता दिया। अभी अंकुर का विशाखापट्टनम में इलाज चल रहा है।

### नशा छुड़ाने बनाया था टार्चर सेल

नशा मुक्ति केंद्र की संचालिका से पुलिस ने नशा मुक्ति केंद्र संचालित करने अनुमति पत्र देने नोटिस जारी करने की जानकारी दी है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लोगों का नशा छुड़ाने अलग से टार्चर सेल बनाया गया है। उसी टार्चर सेल में अनिकेश ने अंकुर के साथ मारपीट की है।

# अमित सेल्स के गोडाउन में आग से लाखों का नुकसान

**तीन घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र में शामिल फाफाडीह स्थित जैन मंदिर गली में सोमवार छह बजे अमित सेल्स के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। गोदाम के अंदर टीवी, फ्रीज, कूलर सहित अन्य महंगे इलेक्ट्रॉनिक आयटम आग की चपेट में आने से खाक हो गए। आगजनी की घटना से नुकसान का अब तक आकलन नहीं लग पाया है। आग से लाखों रुपए के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

फायर ब्रिगेड के अफसरों के अनुसार उनके पास शाम छह बजे आग लगने की सूचना आई। सूचना मिलने के 15 मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी से आग कंट्रोल नहीं हुई, तो दो और फायर ब्रिगेड की गाड़ी रवाना की गई। इसी के साथ एक निजी उद्योग की फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई।

**शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका आग लगने की घटना शाम छह बजे हुई**



### आग लगने से लोग सहमे

गोदाम के अंदर इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। इस वजह से आग तेजी से फैलती गई। आग की लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रही थीं। फायर ब्रिगेड की मशक्कत के बाद भी आग बेकाबू हो रही थी। इस देख आसपास के लोग बुरी तरह से डर गए। लोगों को लग रहा था कि आग की चपेट में आसपास का एरिया न आ जाए। ट्रैफिक दबाव ज्यादा होने से फायर फायटिंग की गाड़ी में पानी खतम होने के बाद पानी भरने जाने तथा लाने के लिए तय रिस्पांस टाइम से ज्यादा समय लगा। इसके कारण आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड को एक घंटा का अतिरिक्त समय लगा। आग बुझने पर लोगों ने राहत की सांसे ली।

### गली संकरी होने तथा ट्रैफिक की वजह से हुई परेशानी

आग की उठ रही लपटों को देख आसपास के रहवासी बुरी तरह सहम गए। जहां आगजनी की घटना हुई है, वह घनी आबादी वाला इलाका होने के साथ पूरे समय ट्रैफिक का दबाव रहता है। इस वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने काफी मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। जिस गली के अंदर गोदाम है, उसकी चौड़ाई अपेक्षाकृत कम है। इस वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को अंदर ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# आईडीबीआई बैंक चरौदा शाखा फ्रॉड मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन

**रीजनल ऑफिस में पीड़ितों के साथ बैठक, 2 करोड़ रुपये वापसी के लिए 2 माह का मांगा समय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस ने आईडीबीआई बैंक चरौदा शाखा, धरसीवा में हुई लगभग 1.53 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के विरुद्ध सोमवार को विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। प्रदर्शन कर्ता सुबह 12 बजे चरौदा शाखा से एकजुट होकर सिविल लाइन, रायपुर स्थित आईडीबीआई बैंक रीजनल ऑफिस तक मार्च कर पहुंचे और वहां प्रदर्शन किया।

पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेताओं के साथ बैंक के रीजनल मैनेजर से मुलाकात की। बैंक प्रबंधन ने पीड़ितों के नाम से स्पष्ट पत्र जारी करने पर सहमति जताई। रीजनल मैनेजर ने स्वीकार किया कि यदि बैंक कर्मी एवं प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी फ्रॉड के जिम्मेदार पाए जाते हैं, तो पीड़ितों की लगभग 2 करोड़ रुपये की पूरी राशि वापस की जाएगी। रीजनल मैनेजर ने हेड ऑफिस को भी इससे अवगत कराया है। हालांकि, बैंक ने इसकी जांच के लिए 2 माह का समय मांगा है। पीड़ितों ने इस पर आपत्ति जताते हुए 45 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का लिखित आवेदन सौंपा है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने संयुक्त रूप से कहा, आम जनता का बैंकिंग प्रणाली में विश्वास टूटना बहुत गंभीर विषय है। कांग्रेस पार्टी हमेशा आम आदमी के हितों की रक्षा के लिए आगे आई है। पीड़ित परिवारों के साथ पार्टी अंत तक खड़ी रहेगी।

### एसपी आज लेंगी मामले की जानकारी

कांग्रेस पार्टी ने सभी पीड़ित हितग्राहियों को तुरंत न्याय दिलाने, उनकी राशि वापस कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई है। प्रदर्शन के बाद शाम को श्वेता सिन्हा, एसपी रायपुर ग्रामीण से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पूरी स्थिति से अवगत कराया और पीड़ितों की मांग रखी कि बैंक प्रबंधन पर ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से तत्कालीन एवं वर्तमान ब्रांच मैनेजर तथा कैशियर की गिरफ्तारी की मांग की। एसपी श्वेता सिन्हा ने कहा, कल पीड़ितों के साथ धरसीवा थाना में इस मामले पर विस्तृत बातचीत की जाएगी।





### ये थे मौजूद

प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के अध्यक्ष विद्या भूषण सोनवानी , राकेश धोत्रे, महेंद्र गुड्डू सेन, खिलावन निषाद, अजितेश शर्मा, बलदाऊ साहू, कोमल साहू, कैलाश जायसवाल, सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी, मंडल-ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकर्ता और 21 पीड़ित हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए।

